नई दिल्ली
गुरुवार 16 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 88
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 31
न्यून. 27
haribhoomi.com

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

उनसे सवाल था-नरोत्तम के आंसुओं में भाजपा बहेगी या कांग्रेस?

उनका जवाब था- नरोत्तम के आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी.. ये आगामी दिनों में समझ में आ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक का का कहना है कि लोगों को लगता था कि नरोत्तम मिश्रा को भोपाल से टिकट नहीं मिला तो उनके अमित शाह से इतने अच्छे संबंध हैं कि वे दिल्ली से टिकट ले आएंगे। सोशल मीडिया में लोग कह रहे थे 12 घंटे में, 24 घंटे में नरोत्तम को ही टिकट मिलेगा, परिवर्तन होगा। नामांकन नरोत्तम मिश्रा ही दाखिल भरेंगे। यदि भाजपा के कार्यकर्ता होते तो क्या नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद के नारे लगते? नरेंद्र सिंह तोमर मुर्दाबाद के नारे लगाते? क्या नरेंद्र मोदी को बुरा-भला कहते? क्या डॉ. मोहन यादव के बारे में गालियों का प्रयोग करते? आज मुझे टिकट नहीं मिला तो कमलनाथ जी, सुरजेवाला जी या दिग्विजय सिंह जी पिता समान हैं तो उनको क्या मैं उन्हें गाली दे सकता हूं या गाली देना चाहिए, नाराजगी हो सकती है। जो लोग होंगे उन्हें ऐसा समझाया होगा कि ऐसा ही करना है। नरोत्तमजी के प्रति मेरी सहानुभूति है। ऐसी पीड़ा जो उन्हें हुई है उन्होंने 2008 में मुझे दी थी। 2014 में ऐसी पीड़ा वो मुझे दे चुके हैं। उन्होंने मेरे प्रति सहानुभूति नहीं प्रकट की थी लेकिन मैं उनका छोटा भाई जैसा हूं, बड़े भाई के लिए सहानुभूति है और माई ऐसा किसी को भी न दिखाए। उनके आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी ये आगामी 3-4 दिनों में समझ में आ जाएगा। अभी कुछ कहना उचित नहीं है। नायक ने बात दतिया उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से टिकट नहीं मिलने पर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में कही।

यह भी बोले अवधेश नायक

- परिश्रम करने वाले चुनाव से बाहर और जो सक्रिय नहीं थे, आज वे चुनाव लड़ रहे
- दिग्विजय जी ने आरएएसएस का कार्यकर्ता कहकर दो बार टिकट कटवाया, यह अखरा
- नरोत्तम ने भाजपा के बड़े नेताओं को दरकिनार किया, ये उनकी सबसे बड़ी गलती

उनसे सीधी बात

प्रश्नः कितना नाराज हैं हालात से, अपने आप से, अपनी पार्टी से, किस से नाराज हैं?

उत्तरः निश्चित रूप से अपने आप से तो नाराज नहीं हो सकता हूं क्योंकि व्यक्ति के हाथ में परिश्रम होता है। इसकी मैंने पराकाष्ठा की और उसमें से सारे सर्वे मेरे पक्ष में थे इसलिए अपने आप से नाराज होने का कोई प्रश्न नहीं है। हां, कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से निश्चित रूप से नाराजगी है। 2023 में जब मेरा टिकट घोषित हुआ और फिर काटा गया तो पूरे मनोयोग से प्राणप्रण से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में काम किया, कांग्रेस जीती, मेरा उसमें बड़ा योगदान रहा। 2023 में ही कमलनाथ और रणदीप सुरजेवाला ने यह आश्वासन दिया था कि अगला चुनाव आप लड़ोगे। चुनाव में इस बार भी निराशा हाथ लगी है तो निश्चित रूप से प्रदेश नेतृत्व से नाराजगी तो है ही। पिछली बार दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवक संघ का कहकर टिकट कटवाया था। उन्हें लगता है कि जीतने के बाद में भाजपा में चला जाऊंगा तो यह अविश्वास जो उनके मन में है और वादा करने के बाद कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व की वादा खिलाफी की जो बात है उससे नाराजगी है और उसका परिणाम है कि मैं घर पर हूं और हमारे सब शुभचिंतक मुझे घेरे हुए हैं। देखिए, क्या निर्णय होता है।

परिस्थितियां होती हैं यह सब नियति का खेल है। बड़ी विडंबना है, इसका मैं कई बार शिकार हो चुका हूं। 2003 में पार्षद था, 25 साल की उम्र थी जब भाजपा का टिकट मिला। लेकिन, उमा भारती जी ने चुनाव में बेरूखी दिखलाई जिसके चलते बहुत कम वोटों से हार गया। दूसरे नंबर पर आया। 2008 में ⏩ शेष पेज 05 पर

केंद्रीय कैबिनेट के बड़े फैसले

वाराणसी में दो एलिवेटेड कॉरिडोर, सेमीकॉन 2.0, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग योजना और नई यूरिया नीति को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुनियादी ढांचे, सेमीकंडक्टर, मोबाइल निर्माण, उर्वरक और रेलवे क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि इन फैसलों से देश में आधारभूत संरचना मजबूत होगी, निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिलेगी।

वाराणसी को मिले दो बड़े एलिवेटेड कॉरिडोरः कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शहरी यातायात को सुगम बनाने के लिए 46 किलोमीटर से अधिक लंबे छह लेन के ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर विकसित होगी और इसकी अनुमानित लागत 14,400 करोड़ रुपये से अधिक होगी। यह कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को वाराणसी रिंग रोड से जोड़ेगा। परियोजना पूरी होने पर यात्रा का औसत समय 60 मिनट से घटकर लगभग 20 मिनट रह जाएगा। इससे शहर की ट्रैफिक भीड़ कम होगी और प्रमुख धार्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। इसके अलावा, कैबिनेट ने वरुणा नदी के किनारे लगभग 43 किलोमीटर लंबे छह और चार लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर को भी मंजूरी दी है। करीब 11,000 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना वाराणसी डी-कंजेशन प्लान का प्रमुख हिस्सा है। इससे एनएच-31, काशी रेलवे ⏩ शेष पेज 5 पर



सेमीकॉन 2.0 को 1.27 लाख करोड़ रुपये

कैबिनेट ने सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम को 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकॉन 1.0 के बाद अब सेमीकॉन 2.0 के तहत भारत में रणनीतिक जरूरतों के लिए आवश्यक चिप्स का डिजाइन और निर्माण देश में ही किया जाएगा। यह योजना डिजाइन, मशीन एवं सामग्री, नए फैब संयंत्र, एटीएमपी-ओसैट उद्योग और अनुसंधान एवं विकास जैसे छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत करीब चार लाख करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। भारत पहले ही अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ, नीदरलैंड, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के साथ इस क्षेत्र में साझेदारी कर चुका है।

नई यूरिया निवेश नीति को मंजूरी

कैबिनेट ने राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 को भी मंजूरी दी है। इस नीति का उद्देश्य देश में गैस आधारित यूरिया संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देकर यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। नई नीति में स्थायी और परिवर्तनीय लागत को अलग-अलग करने, 12 से 16 प्रतिशत तक रिटर्न ऑन इक्विटी का प्रावधान करने जैसे बदलाव किए गए हैं। सरकार का अनुमान है कि इस नीति के तहत स्थापित प्रत्येक संयंत्र पर 2012 की नीति की तुलना में 250 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी।

मोबाइल फोन निर्माण योजना को मंजूरी

कैबिनेट ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को भी मंजूरी दी है। इस योजना पर 62,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे अगले पांच वर्षों तक लागू किया जाएगा। योजना के तहत पात्र मोबाइल फोन निर्माताओं को बिक्री पर 2.25 से 5 प्रतिशत तक प्रोत्साहन मिलेगा। वहीं, प्रमुख पुर्जों और सब-असेंबली की घरेलू खरीद पर 1.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार के अनुसार, इस योजना से पांच वर्षों में करीब 39 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन उत्पादन और 15 लाख करोड़ रुपये तक के निर्यात का लक्ष्य है। साथ ही लगभग 60 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

तटरक्षकबल को मिली बड़ी कामयाबी, स्वदेशी वाटरजेट्स का हुआ पहला सफल परीक्षण

एमडीएल में जारी है 14 फास्ट पेट्रोल वेसल परियोजना से जुड़ा निर्माण कार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच तटरक्षकबल को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें गोवा में एमएस एमजेपी इंडिया में देश के भीतर बनाए गए मरीन जेट पावर वाटरजेट्स का पहला फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण सफलता के साथ पूरा किया गया है। एमजेपी इंडिया स्वीडन की एमजेपी एबी से तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए भारत में स्थापित की गई एक उन्नत वाटरजेट प्रणोदन प्रणालियों के निर्माण और ⏩ शेष पेज 5 पर

बीजेपी चाहती है मुझे हार्ट अटैक आए लेकिन मैं तब तक ज़िंदा रहूँगी जब तक आपका अंत न देख लूँः ममता बनर्जी

टीएमसी प्रमुख बोली
बीजेपी जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल करके नेताओं को दल बदलने पर मजबूर किया जा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बीजेपी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती थी कि मुझे हार्ट अटैक आए, लेकिन मैं तब तक ज़िंदा रहूँगी जब तक आपका अंत न देख लूँ। ममता को एक और झटका तब लगा जब विधायक मदन मित्रा बागी खेमे में शामिल हो गए। उन्होंने कहा, जो जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि बीजेपी जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल करके नेताओं को दल बदलने के लिए मजबूर कर रही है, और कई नेताओं ने डर के कारण पाला बदला है।

बुधवार को मित्रा ने ममता का खेमा छोड़कर रिताब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'सिर्फ़ विधानसभा में अपना कमरा बदला है।' उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के 'छह महीने के लिए पद से हटने' की उनकी मांग न माने जाने के बाद उन्होंने टीएमसी छोड़ दी। ममता ने कहा ⏩ शेष पेज 5 पर

आईआरसीटीसी का नया पोर्टल लॉन्च हुआ

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च हो गया है। जो मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी दिया गया है। नए लुक में कोई अनावश्यक कैप्चा नहीं। कोई अनावश्यक पॉप-अप नहीं। कोई चमकते ग्राफिक्स नहीं। ध्यान भटकाने वाली कोई चीज नहीं। सीट की उपलब्धताः सभी क्लास में दिखाई देती है।

हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से की मुलाकात

दोनों नेताओं के बीच हरियाणा के विकास और संगठनात्मक मजबूती से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच हरियाणा के विकास, संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। ⏩ शेष पेज 5 पर

भारतीय रेलवे का नया सवेरा....कल पटरी पर उतरेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

पीएम मोदी दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे के इतिहास में 17 जुलाई की तारीख स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली और ब्रॉड गेज पर चलने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ⏩ शेष पेज 5 पर

दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं दिल्ली और महाराष्ट्र की लड़कियां

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर बेटियां रहीं

रोहतक की गुनगुन रहीं सीएस एंट्रेंस में अव्वल, ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट के जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया। हरियाणा के रोहतक परीक्षा केंद्र से परीक्षा देने वाली सुश्री गुनगुन ने देशभर में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर संस्थान ने उन्हें बधाई दी है। यही नहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर लड़कियों के ही बाजी मारी है। द्वितीय स्थान पर दिल्ली की सृष्टि रहीं जबकि महाराष्ट्र के कोल्हापुर की छवि कमल मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ऑल इंडिया एग्जाम में 67.59 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे हैं। परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और परीक्षार्थी अपने विषयवार अंकों सहित ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट भी डाउनलोड कर सकते हैं। आईसीएसआई ने बताया कि जून 2026 सत्र की सीएसईईटी परीक्षा 1 से 4 जून 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 15 जुलाई को नई दिल्ली में जारी किए गए। परिणाम के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी के विषयवार अंक भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उम्मीदवार अपने प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन कर सकेंगे। आईसीएसआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि परिणाम केवल ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर अपने एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन कर ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड कर सकते हैं। परिणाम की कोई हार्ड कॉपी डाक से नहीं भेजी जाएगी। आगामी परीक्षा कार्यक्रम की भी घोषणा की गई है। इसके अनुसार अगला सीएसईईटी अक्टूबर 2026 सत्र 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2026 के ⏩ शेष पेज 5 पर

सीबीजी प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

आने वाले समय में थोड़ा सा भी गोबर यमुना में न जा पाए : अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी देशवासी चाहते हैं कि यमुना नदी का जल स्वच्छ हो, लेकिन यह कल्पना यमुना नदी में गिरने वाली गंदगी के निकास के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुना जी के शुद्धिकरण के संकल्प की सिद्धि की दिशा में यह समझौता एक अहम कदम है और आने वाले समय में थोड़ा सा भी गोबर यमुना जी में न जा पाए, ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

बता दें कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने दिल्ली में गोबर के समुचित उपयोग के लिए कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, दिल्ली के उप-राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्रीय सहकारिता सचिव सहित केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

लगभग 80 ट्रीटमेंट प्लांट्स पर शुरू हो चुका कार्य

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गटर के पानी और औद्योगिक कचरे के शुद्धिकरण के लिए दिल्ली में लगभग 80 ट्रीटमेंट प्लांट्स पर कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में थोड़ा सा भी गोबर यमुना जी में न जा पाए, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सवा लाख मवेशियों के अपशिष्ट के निस्तारण के बिना यह संभव नहीं होगा। शाह ने कहा कि दिसंबर, 2028 तक हम यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी लीटर गंदा पानी यमुना नदी में न जाए।

प्रति किलो एक रूपया पशुपालकों को देने का प्रावधान

केंद्रीय अमित शाह ने कहा कि नंगली, घोघा-गोयला और गाजीपुर अपशिष्ट निस्तारण प्लांट्स से गोबर की प्रोसेसिंग का काम पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सभी शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता और देशभर के करोड़ों पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में यह प्रतीकात्मक पहल बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि आज हुआ यह समझौता देशभर के सभी महानगरों के लिए और बाद में गोबर प्रोसेसिंग के माध्यम से देशभर के ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते में प्रति किलो एक रूपया पशुपालकों को देने का प्रावधान किया गया है।

इस पहल से पशु पालकों की बढ़ेगी आय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह समझौता देश के सभी बड़े शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए एक मॉडल का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न सिर्फ पशु पालकों की आय बढ़ेगी, स्वच्छता भी बढ़ेगी, कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्राप्त होगी और ऑर्गेनिक खेती की दिशा में भी इससे बहुत बड़ी प्रेरणा मिलेगी।

पुलिस ने यौन शोषण केस में 11 दिन में दाखिल की चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शादी का झूठा वादा करके यौन शोषण के मामले में जनकपुरी पुलिस स्टेशन ने 11 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल की है। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस का कहना है कि केस में आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया गया था। उसका मोबाइल फोन भी जब्त किया गया और उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केस के सिलसिले में सीडीआर और लोकेशन एनालिसिस सहित वैज्ञानिक और तकनीकी जांच की गई।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ जनकपुरी पुलिस स्टेशन ने वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में पेशेवर, वैज्ञानिक और समयबद्ध जांच की गई। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी, आसिफ उर्फ हनी ने अपना धर्म छिपाया, शादी का झूठा वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। उसके साथ मारपीट की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। यहीं नहीं उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी भी दी गई थी। जांच को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया। शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज किया गया। आरोपी को पकड़ा गया, उससे पूछताछ की गई और कानून के अनुसार गिरफ्तार किया गया। फोरेंसिक जांच के लिए उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को पुलिस हिरासत में भेजा गया और उसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, साइट प्लान तैयार किया और सभी संबंधित मौखिक, दस्तावेजी और इलेक्ट्रॉनिक सबूत एकत्र किए। तकनीकी जांच में आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा का विश्लेषण शामिल है। उनके बीच लगातार बातचीत की पुष्टि हुई। आरोपी के कार्यस्थल से उसकी उपस्थिति के रिकॉर्ड भी इकट्ठा किए गए और उन्हें जांच का हिस्सा बनाया गया। तेज, पेशेवर और वैज्ञानिक जांच के कारण पर्याप्त सबूत इकट्ठा किए जा सके, जिससे जांच अधिकारी ने तेजी से जांच पूरी की और एफआईआर दर्ज होने के 11 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल की गई।

मंजीत महल गैंग का कुख्यात बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंजीत महल गैंग के कुख्यात बदमाश लोकेश उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह कारतूसों के साथ एक रिवॉल्वर बरामद की गई। राजस्थान पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी पहले हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली और डकैती जैसे 20 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है।

डीसीपी नारा चैतन्य के अनुसार हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली और लूटपाट जैसे गंभीर अपराधों में शामिल खतरनाक अपराधियों, शार्पशूटरों और गैंगस्टरों को पकड़ने का काम साउथ वेस्टर्न रेंज को सौंपा गया है। 12 जुलाई को इंस्पेक्टर मनेन्दर सिंह की टीम को सूर्या के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद टीम ने इसे गुरुग्राम के सेक्टर-29 मार्केट से पकड़ा। आरोपी लोकेश गोपाल नगर, नजफगढ़ का रहने वाला था और उसकी उम्र 33 साल थी।

■ हत्या, डकैती और रंगदारी केस में था वांटेड

उसका जन्म 1993 में हरियाणा के चरखी दादरी में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उसने दिल्ली से अपनी ग्रेजुएशन पूरी की। वह 2014 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। इसके खिलाफ करीब 21 केस दर्ज होने का पता चल चुका है।

समयपुर बादली पुलिस पर दुर्व्यवहार के आरोप

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में समयपुर बादली थाने के स्टाफ पर जबरन घर में घुसने, गाली गलौच, धमकी देने और दुर्व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। बुधवार को पुलिस ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के पुलिस अफसरों का कहना है कि यह मामला 10 जून को हुई एक महिला और उसके बेटे से मारपीट की घटना के संबंध है। इस मामले में सचिन, जीतू, भरत और चिंता देवी को आरोपी बनाया गया था। अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत की अर्जियां खारिज कर दी थी। केस में जीतू को गिरफ्तार किया गया है, जबकि बाकी आरोपियों को अभी पकड़ा जाना है। आरोप लगाने वाली महिला आरोपी सचिन की बहन है। आरोपियों के घर पर होने की जानकारी मिलने पर पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए गई थी। हालांकि, वे वहां नहीं मिले और घर पर धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत एक नोटिस चस्पा किया गया। मौजूदा तथ्यों के अनुसार कोई भी पुलिसकर्मी घर के अंदर नहीं गया। जबरदस्ती घुसने, गाली-गलौज, धमकी देने या दुर्व्यवहार के आरोपों की पुष्टि पुलिस के पास मौजूद जानकारी से नहीं होती है। पुलिस की यह कार्रवाई ऊपर बताए गए मामले की जांच के सिलसिले में और कानून के अनुसार की गई थी। गौरतलब है कि 10 जून को जेजे कैंप बादली की रहने वाली सूरज कला देवी पत्नी रघुनाथ दुबे ने अपने बेटे नरेंद्र दुबे पर मछली विक्रेताओं पिता पुत्रों पर मारपीट का आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि वह बेटे के साथ मछली खरीदने गई थी। वापसी में उनका सचिन नामक मछली विक्रेता से झगड़ा हो गया था। बाद में सचिन का भाई जीतू और पिता भारत व मां चिंता देवी भी झगड़े में शामिल हो गये थे। पिता पुत्रों ने नरेंद्र पर लोहे के सरिया, शराब की बोतल और पत्थरों से हमला किया था। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

तिलक नगर में 17 वर्षीय लड़के ने गोली मारकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर में 17 वर्षीय एक लड़के ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना में युवक ने पिता की लाइसेंसी राइफल का इस्तेमाल किया। शव का पोस्टमॉर्टम दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि एक हाथ से लिखा नोट मिला है, जिसमें मृतक ने सामाजिक अपराध बोध का जिक्र किया है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को हुई। तिलक नगर थाना क्षेत्र के चौखंडी इलाके में युवक अपने परिवार के साथ किराए के घर में रहता था। पुलिस ने कहा कि टीम के पहुंचने से पहले किशोर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया था। प्रारंभिक जांच से पता चला कि लड़के ने हाल में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी और वह अपने माता-पिता, एक भाई और दो बहनों के साथ रह रहा था। वह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। शाम करीब पांच बजे घटना के समय लड़के के पिता और एक रिश्तेदार घर में मौजूद थे। युवक बाथरूम में गया और 12 बोर की राइफल से खुद को गोली मार ली। पुलिस के अनुसार हथियार का लाइसेंस मूलरूप से लड़के के दादा के नाम पर था, जो सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे। बाद में लाइसेंस लड़के के पिता को हस्तांतरित कर दिया गया। पिता भी पहले सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे। पुलिस ने कहा कि हथियार का लाइसेंस 2030 तक वैध है। लड़के के पिता लगभग दो दशकों से दिल्ली में रह रहे हैं। वह छोले-कुलचे का ठेला लगाकर आजीविका कमाते हैं। घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य भी एकत्र किये गये हैं। घटना के सिलसिले में किसी भी तरह की साजिश का अंदेशा नहीं है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर० संचार अभि०/प्रोजेक्ट यूनिट दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

N.I.T. No.	Project_DLI-SNT_26_10 dated 14.07.2026		
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अंतर्गत पानीपत–रोहतक और रोहतक–अस्थल बोहर–रेवाड़ी (HUN) सेक्शन में TVU>10000 वाले लेवल क्रॉसिंग (LC) गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए (सिग्नल एंड टेलीकॉम) कार्यों के लिए टेंडर।		
अनुमानित लागत	₹2,43,64,623.45	धरोहर राशि	₹4,87,300/-
समापन अवधि	12 महीने		
ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	05.08.2026 को 11:30 बजे तक तथा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.08.2026 को 11:30 बजे		
निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।		

पत्र संख्या: Project_DLI_SNT_26_10 दिनांक: 14.07.2026 2429/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr. P.C./84BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मोहसिन उर्फ मोसिन कुरैशी, पुत्र:** यामीन कुरैशी, **पता:** 9/4338-DG/F, खसरा नंबर 156 से 158 और 161, गली नं. 8, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 619/2025, U/s: 318(4)/3(5), थाना: बदरपुर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मोहसिन उर्फ मोसिन कुरैशी**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मोहसिन उर्फ मोसिन कुरैशी**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 619/2025, U/s: 318(4)/3(5), थाना: बदरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **मोहसिन उर्फ मोसिन कुरैशी**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9593/SE/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राधे श्याम पुत्र अमरनाथ, निवासी** 59, ए–ब्लॉक, फेज़-I, मेट्रो विहार, होलंबी कलां, दिल्ली–82, ने **CC NI Act No. 1164/2021, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन के.एन. काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, नई दिल्ली–85,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राधे श्याम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राधे श्याम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act No. 1164/2021, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन के.एन. काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, नई दिल्ली–85,** के उक्त अभियुक्त **राधे श्याम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.09.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
(उत्तर), कोर्ट नं०–213, द्वितीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9693/RD/2026
(Court Matter)

द्वारका में हथौड़े से वार कर हत्या में शामिल दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका इलाके में एक मकान की बिक्री को लेकर हुए विवाद में 38 वर्षीय व्यक्ति की हथौड़े से वार कर हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम नजफगढ़ निवासी अनिल ठाकुर (66) और बिहार निवासी राजू कुमार (28) बताये गये हैं।

पुलिस के मुताबिक नजफगढ़ निवासी अखिलेश मंडल (38) का शव 12 जुलाई को द्वारका सेक्टर 18 ए में मिला था। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे और टैटू बने थे। मौके से मृतक की पहचान हो सकती ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला था। द्वारका उत्तर थाने में हत्या का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। इस दौरान टीम ने मृतक की पहचान करने और आरोपियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे करीब 500 सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। साथ ही तकनीकी निगरानी भी की। बाद में पता चला कि मृतक अनिल ठाकुर की सहमति से उसके आवास पर रह रहा था। हालांकि, अखिलेश की शराब की लत के कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे।

पुलिस ने बताया कि ठाकुर द्वारा अपना घर बेचने का फैसला करने के बाद विवाद बढ़ गया क्योंकि अखिलेश मंडल इसका विरोध कर रहा था। ठाकुर ने अखिलेश को 10 जुलाई को द्वारका के सेक्टर 13 में बुलाया, जिसके बाद वह और राजू कुमार उसे करगिल चौक के पास ले गए और हथौड़े से उस पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपी नजफगढ़ के धरमपुरा भाग गए। जांचकर्ताओं के मुताबिक ठाकुर, मंडल के परिवार को जानता था और उसने हत्या के बाद जानबूझकर उन्हें गुमराह किया और उसकी गुमशुदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने से परिवार को रोका। पुलिस ने कहा कि उसने हत्या में इस्तेमाल खून से सने हथौड़े और पीड़ित का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

सभी पुलिस स्टेशनों और एएटीएस की कार्रवाई

द्वारका पुलिस के ऑपरेशन चक्र में फंसे 30 वाहन चोर, 64 केस सुलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिला पुलिस ने ऑपरेशन चक्र के तहत 30 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही 64 केस सुलझाने का दावा किया गया है। यह अपनी तरह का पहला जिला व्यापी रिकवरी अभियान रहा।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार ऑपरेशन चक्र वाहन चोरी और उससे जुड़े सड़क अपराधों पर रोक लगाने के लिए शुरू किया गया। इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य आदतन वाहन चोरों, चोरी के वाहन खरीदने वालों और बार-बार अपराध करने वालों की पहचान करना और उन्हें पकड़ना था। ऑपरेशन के दौरान सभी पुलिस स्टेशनों और एएटीएस टीम ने जिले भर में इंटेलिजेंस आधारित छापेमारी, निगरानी, एएनपीआर मॉनिटरिंग और सघन पिकेट चेकिंग करके बेहतरीन प्रोफेशनलिज्म और समर्पण दिखाया। 30 वाहन चोर पकड़े गए। 64 चोरी के वाहन बरामद किए गए।

इनमें 61 दुपहिया और तीन चार पहिया वाहन शामिल हैं। पकड़े गये लोगों में 17 बार-बार अपराध करने वाले शामिल है। चार कुख्यात अपराधी (बीसी) पकड़े गए। चिह्नित पार्किंग स्थानों से 36 वाहन बरामद हुये। आदतन अपराधियों से 23 वाहन बरामद किये गये। पिकेट चेकिंग के दौरान तीन वाहन पकड़े। एएनपीआर आधारित दो वाहन बरामद हुये।

यमुना में डूबे चार में से एक किशोर का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अलीपुर थाना क्षेत्र के हिरणकी गांव में तीन दिन पहले यमुना में नहाते वक्त तेज धारा में बह गए चार में से एक नाबालिग लड़के का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। तीन अन्य की तलाश में बोट क्लब की टीम जुटी है। पुलिस के अनुसार दिल्ली बोट क्लब की सहायता से उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में यमुना नदी से राहुल नामक लड़के का शव बरामद किया गया। 15 साल का राहुल पिता सतीश और परिवार के अन्य सदस्य के साथ इब्राहिमपुर गांव में रहता था। कादीपुर के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाला राहुल दसवीं कक्षा का छात्र और एनसीसी कैडेट था। पुलिस का कहना है कि जब तक सभी छात्रों का पता नहीं चल जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और दिल्ली पुलिस की टीमें तीन अन्य लड़कों अंशू, सौरभ और अमनदीप की तलाश कर रही हैं। पुलिस को संदेह है कि लगभग 15 साल के लड़के नदी की तेज धारा में काफी दूर तक बह गए हैं। चारों लड़के 12 जुलाई को नदी में नहाने गए थे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **एक पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई. टेंडर आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का पूरा नाम	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय परिसर, ऑडिट कार्यालय और उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, कार्यालय और अधिकारी विश्राम गृह, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली मे अच्छी प्रकार से विकसित सजावटी पौधों सहित गमलों की आपूर्ति एवं रख रखाव 24 (चौबीस) माह के लिए।
2.	कार्य की अनुमानित लागत	₹ 182.34 लाख (रुपये एक करोड़ ब्यासी लाख चौंतीस हज़ार मात्र)
3.	पूर्ण करने की अवधि	24 (चौबीस) माह
4.	बिड सिक्योरिटी (केश/बी.जी.) राशि	₹ 3,64,700/– (रुपये तीन लाख चौसठ हज़ार सात सौ मात्र)
5.	रेलवे वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की बिक्री/उपलब्धता	निविदा दस्तावेज़ IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 14.07.2026 से 05.08.2026 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।
6.	टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख व समय	दिनांक 05.08.2026 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा दस्तावेज़ IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 22.07.2026 से 05.08.2026 को 15.00 बजे तक निविदाकार द्वारा अपलोड की जा सकती है।
7.	निविदा खुलने की तारीख व समय	दिनांक 05.08.2026 को 15.00 बजे खोली जाएंगी।

सं. 220-Acs-1-1301-Horti-KG दिनांक : 14.07.2026 2428/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आप नहीं बचा पाई अपनी वर्तमान चार वार्ड समिति, दो से ही करना पड़ा संतोष

वार्ड समितियों के चुनाव में भाजपा बनी 10 नंबरी, क्रॉस वोटिंग ने डुबोई आप की लुटिया

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की 12 वार्ड समितियों पर बुधवार को हुए चुनाव में भाजपा ने 10 पर कब्जा करते हुए सत्ता की ताकत बढ़ाई है। जबकि कांग्रेस ने न काहू से दोस्ती न काहू से बैर वाली कहावत को सही साबित करते हुए कहीं भाजपा का साथ दिया तो कहीं आप पार्टी के संग दिखी। वहीं आम आदमी पार्टी की लुटिया उसके ही पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग करके डुबो दी, जिससे उसे केवल 2 वार्ड समिति पर ही जीत नसीब हुई।

इसमें भी रोहिणी वार्ड समिति पर अंदर खाते कांग्रेस का वोट मिलने से आप पार्टी ने जीत हासिल की। वहीं करोल बाग जोन में भाजपा ने उम्मीदवार ही खड़ा नहीं किया था, इसलिए यहां निर्विरोध जीत तय हुई। इसी प्रकार स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने पांच पर शानदार जीत हासिल की जबकि आम आदमी पार्टी के खाते में केवल करोल बाग से स्थायी समिति सदस्य के लिए राजन अरोड़ा ने जीत दर्ज की है। संख्या बल के हिसाब से कुल 12 वार्ड समितियों में से आठ वार्ड समितियों में भाजपा के पास बहुमत था। जबकि चार में आप पार्टी के पास, बावजूद इसके आप और भाजपा ने 11-11 वार्ड समितियों में प्रत्याशी उतारे थे। शाहदरा जोन में भाजपा के यशपाल सिंह को चेयरमैन के लिए 18 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि आप प्रत्याशी को उम्मीदवार को 6 वोट के साथ हार का मुंह देखना पड़ा।

वहीं डिप्टी चेयरमैन पद के लिए भाजपा के ही राजू सचदेव निर्विरोध चुने गए। सिविल लाइन वार्ड समिति के अध्यक्ष पद के लिए लगातार दूसरी बार भाजपा के गुलाब सिंह राठौर ने जीत हासिल की। वहीं भाजपा के मनोनित सदस्य संजय त्यागी ने डिप्टी चेयरमैन के रूप में जीत दर्ज की है। यहां आप को हार का मुंह देखना पड़ा। शाहदरा साउथ में अध्यक्ष यशपाल सिंह ने 24 में से 18 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। शाहदरा नॉर्थ में पंकज लूथरा और बृजेश सिंह को 20-20 वोट मिले। साउथ जोन में धर्मवीर सिंह और ममता यादव ने 12-10 के अंतर से जीत हासिल की। नरेला में जनता देवी 13 वोट के साथ चैयरमेन चुनी गई, जबकि दिनेश कुमार डिप्टी चेयरमैन चुने गए। वहीं शाहदरा जोन में भाजपा के मुनेश स्थायी समिति के सदस्य के तौर पर चुने गए। वहीं करोल बाग, केशव पुरम, नरेला, सेंट्रल, नजफगढ़ और शाहदरा साउथ जोन सहित कुल स्थायी समिति सदस्यों के लिए चुनाव हुए। जिसमें से केवल एक करोल बाग में आप पार्टी के पार्षद का जीत मिली, जबकि पांच जोन में भाजपा के पार्षदों ने स्थायी समिति सदस्य के लिए जीत दर्ज की। इस प्रकार स्थायी समिति में भी भाजपा का भरपूर दबदबा बना रहेगा।

एआईएफबी व वक्त टांक की बगावत से भाजपा बनी सिंकदर

सिटी सदर पहाड़गंज जोन में अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा को एआईएफबी और आप के पार्षदों ने वोट कर जिताया है। भाजपा की उषा शर्मा को 7 वोट मिले जबकि बहुमत वाली आप को 5 वोट पर ही संतोष करना पड़ा। यहां पर भाजपा के पास 7 पार्षदों का आंकड़ा था, लेकिन चुनाव से ठीक पहले मौजूदा वार्ड अध्यक्ष रहे विकास टांक ने बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया जिससे वार्ड के समीकरण में बदलाव आ गया। वहीं एआईबीएफ के पार्षद ने भाजपा को वोट दिया और जबकि एक आप पार्षद ने भी भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोट कर अध्यक्ष पर भी जीत दिलाई। यहां पर राजनीतिक दलों का समीकरण देखे तो चुनाव से ठीक पहले तक आप के पास 7 पार्षदों का आंकड़ा था, विकास टांके के जाने के बाद आप के 6 पार्षद बचे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के 4 पार्षद, आईवीपी के 1 पार्षद और एआईएफबी के 1 पार्षद हैं। यहां पर भाजपा की उर्षा शर्मा को 7 वोट मिलें है, जिसमें आप पार्षदों का भी एक वोट शामिल है।

वेस्ट जोन में भाजपा ने किया चेयरमैन पद पर कब्जा, लगा क्रॉस वोटिंग का दंश

वेस्ट जोन पर भी आप पार्टी को अपनी सत्ता से हाथ धोना पड़ा और यहां भाजपा ने जीत दर्ज की। इस जोन में कुल 25 वोट पड़े, जिसमें से भाजपा के हरीश ओबरॉय को 14 वोट पड़े और आप पार्टी प्रत्याशी को केवल 11 वोट मिले। जबकि आप को केवल डिप्टी चेयरमैन पद पर डिम्पल आहुजा की जीत से ही संतोष करना पड़ा। यहां भी आप पार्टी अपने पार्षदों पर नियंत्रण रखने में विफल रही और उसके 2 पार्षदों ने धोखा देते हुए क्रॉस वोटिंग कर भाजपा की जीत तय कर दी।

रोहिणी जोन में भाजपा की बनती बात बिगड़ी, कांग्रेस ने दिया आप का साथ!

रोहिणी जोन में चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन पद पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा। यहां आप की पुष्पा सोलंकी की जीत हुई। उन्हें कुल 12 वोट मिले हैं जबकि भाजपा प्रत्याशी को 11 वोट मिले। वहीं डिप्टी चेयरमैन के पद पर आप के रमेश चंद चुने गए। उन्हें 12 वोट मिले। रोहिणी जोन में आप के 11 पार्षद है, जबकि भाजपा के पास 8 पार्षदों का आंकड़ा था, लेकिन आईवीपी के 2 पार्षद के भाजपा में शामिल होने से यह आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया। ऐसे में यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि क्या रोहिणी जोन में कांग्रेस के 2 पार्षदों की क्रॉस वोटिंग ने भाजपा की बनती बात बिगाड़ दी। यह फिलहाल अंदर खाते की बात है।

नजफगढ़ जोन में आप पार्षदों ने नाम लिया वापस

आप पार्टी को नजफगढ़ वार्ड समिति में भी बड़ा झटका लगा और उसके तीनों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन ही वापस ले लिया। तीनों का तर्क है कि हमें विकास कार्य करवाने है चाहे कोई भी करे इसलिए भाजपा प्रत्याशियों का समर्थन कर रहे हैं। यहां भाजपा चेयरमैन पद पर जयवीर सिंह राणा, डिप्टी चेयरमैन पद पर सुषमा राठी और स्थायी समिति सदस्य पद पर शशि यादव की जीत हुई। वहीं

दक्षिण जोन में चेयरमैन पद पर धर्मवीर सिंह ने 12 वोट के साथ जीत दर्ज की। जबकि जबकि डिप्टी चेयरमैन पद ममता यादव को भी 12 वोट मिले। वहीं आप के दोनों उम्मीदवारों को 10-10 वोट के साथ हार का मुंह देखना पड़ा।

वांगचुक की तबीतय हुई और खराब

थरूर ने लिखा पत्र, सांसद चंद्रशेखर सहित कई नेता पहुंचे मिलने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना बुधवार को लगातार 26वें दिन भी जारी रहा। वहीं लगातार भूख हड़ताल पर चल रहे सोनम वांगचुक की अनशन के 18वें दिन तबीयत और खराब हो गई। डॉक्टरों के अनुसार अब तक वांगचुक का वजन 8.5 किलो तक गिर चुका है। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, सोनम वांगचुक का वजन अब 57.15 किलोग्राम रह गया है। मंगलवार को उनका वजन 57.55 किलोग्राम था। यानी एक दिन में उनका 400 ग्राम वजन कम हुआ है। उनका ब्लड शुगर 80 एमजी/ डीएल और ब्लड प्रेशर 105/76 एमएमएचजी दर्ज किया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि शरीर में पानी की मात्रा फिलहाल ठीक है और वह मानसिक रूप से पूरी तरह सतर्क हैं। वहीं बुधवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पत्र लिखकर वांगचुक से अनशन तोड़ने के अपील की। भीम आर्मी चीफ व सांसद चंद्रशेखर तथा सांसद प्रताप पडोले सहित कई अन्य लोग वांगचुक से मिलने पहुंचे। वांगचुक की तबीयत को लेकर सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सरकार को कोसा है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह जिद अच्छी नहीं है, 18 दिन से वांगचुक भूखे हैं, केवल छात्रों के लिए। बावजूद इसके केंद्र सरकार का कोई प्रतिनिधि मिलने या बात करने तक नहीं आया। उन्होंने आह्वान किया कि आने वाली 20 जुलाई को जंतर मंतर से संसद तक पैदल मार्च में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल हो। जिससे की केंद्र सरकार की आंखें खुले और वह सोचने पर मजबूर हो।

संगठन ने कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि विपक्ष का कौन-सा नेता आंदोलन के समर्थन में आया या नहीं। बल्कि असली सवाल यह है कि प्रधानमंत्री आंदोलनकारियों से बातचीत क्यों नहीं कर रहे हैं, और शिक्षा मंत्री को अब तक जवाबदेह क्यों नहीं ठहराया गया।

आप पार्टी ने निगम वार्ड समिति चुनाव में कांग्रेस पर लगाए भाजपा का साथ देने के आरोप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम की वार्ड समितियों के हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाए है कि उसने भाजपा का साथ दिया है। इस मुद्दे पर आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाए है कि एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव में साउथ जोन में आप के 10, भाजपा के 10 और कांग्रेस के 2 पार्षद थे, लेकिन भाजपा को 12 वोट मिले। इससे साबित होता है कि कांग्रेस ने भाजपा का साथ दिया और उसके पक्ष में वोट डाले। वहीं दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा महापौर के गृहक्षेत्र रोहिणी जोन से आप पार्टी ने भाजपा को हराकर शानदार जीत दर्ज की है।

आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद विकास टांक भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद और वाल्मीकि समाज के युवा नेता विकास टांक बुधवार को मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा में शामिल हुए। कपूर ने कहा कि पुरानी दिल्ली से 3 बार के पार्षद विकास टांक वाल्मीकि समाज में और क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय हैं। इस मौके पर हर्ष मल्होत्रा ने पार्टी का पटका पहनाकर, मिस्ड कॉल से सदस्यता करवा कर और मिठाई खिलाकर विकास टांक का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आज यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर दिल्ली नगर निगम सिटी एस.पी. जोन के चेयरमैन विकासा टांक भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

दिल्ली में तय समय-सीमा में सरकारी सेवाएं देना होगा अनिवार्यः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने विधेयक को दी मंजूरी
- नागरिकों को मिलेगा समयबद्ध व सुगम सरकारी सेवाओं का कानूनी अधिकार

दिल्ली में अब तय समय-सीमा के भीतर सरकारी सेवाएं देना अनिवार्य होगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने विधेयक को मंजूरी दे दी है और अब नागरिकों को समयबद्ध व सुगम सरकारी सेवाओं का कानूनी अधिकार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा कि इस कानून से सेवा-व्यवस्था में प्रभावी सुधार होगा साथ ही यह नया कानून जवाबदेही तय करेगा और देरी पाई गई तो अधिकारियों का पक्ष जानने के बाद निर्धारित जुर्माना भी लगेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि इस कानून के लागू होने से नागरिकों को समयबद्ध सरकारी सेवाएं मिलेंगी, अनावश्यक देरी और कार्यालयों के चक्कर कम होंगे, डिजिटल ट्रैकिंग के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी, अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध होगी। इससे शासन व्यवस्था अधिक दक्ष, पारदर्शी, संवेदनशील, नागरिक-केंद्रित और विश्वसनीय बनेगी तथा सरकारी सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने नागरिकों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दिल्ली राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड एंड ईज ऑफ डिलीवरी ऑफ सर्विस बिल, 2026 (दिल्ली -नागरिकों का समयबद्ध व सुगम सेवा प्रदाय का अधिकार विधेयक, 2026) को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

प्रति दिन 250 रुपये का दंड, अधिकतम सीमा 5,000 रुपये

मुख्यमंत्री ने बताया कि विशेष बात यह है कि इस विधेयक में सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए स्पष्ट दंडात्मक व्यवस्था की गई है। बिना उचित कारण के सेवा प्रदान करने में देरी होने पर संबंधित अधिकारी पर प्रति दिन 250 रुपये का दंड, जिसकी अधिकतम सीमा 5,000 रुपये होगी, लगाया जा सकेगा। हालांकि अधिकारी पर दंड लगाने से पहले उसे अपना पक्ष रखने और स्पष्टीकरण देने का पूरा अवसर दिया जाएगा, जिससे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित होगा।

प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सरकारी सेवाएं प्राप्त हों। साथ ही, सरकारी विभागों और अधिकारियों को सेवा प्रदान करने में होने वाली देरी तथा लापरवाही के लिए अधिक जवाबदेह बनाया जाए। यह कानून दिल्ली में प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और नागरिकों को अधिक पारदर्शी, सरल, प्रभावी और तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर बनेगा।

एसआईआर के लिए अब सत्यापन आठ अगस्त 2026 तक बढ़ा : सीईओ

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने दिल्ली में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। सीईओ के इस फैसले के बाद अब अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन 8 अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि पहले यह 29 जुलाई 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम था। इसके बाद 17 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। मतदाता 17 अगस्त से 16 सितंबर तक अपने नाम जोड़ने, हटाने या संशोधित कराने के लिए दावा एवं आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। इन दावों और आपत्तियों का निस्तारण 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, राजनीतिक दलों को भी लिखित रूप से नई समय-सारिणी की जानकारी देने को कहा गया है। सीईओ ने बताया कि इस संशोधित कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

हम सब मिलकर दिल्ली की बदलेंगे तस्वीर : मल्होत्रा

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के पार्षदों की तरह ही पश्चिम एवं दक्षिण क्षेत्रों के अधिकांश निगम पार्षदों ने भी अपने वार्ड क्षेत्रों को भाजपा के विकास ऐजेंडे से जोड़ने का निर्णय लिया और हम सब मिलकर कर दिल्ली की तस्वीर बदलेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार को निगम वार्ड समिति में जीत के बाद यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि आज का दिन दिल्ली भाजपा के साथ ही दिल्ली वालों खासकर पुरानी दिल्ली के नागरिकों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया है। दिल्ली के निगम पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम की वार्ड समिति के चेयरमैन (अध्यक्ष) चुनाव में अपने वार्ड क्षेत्रों को विकास से जोड़ने के लिए 12 में से 10 निगम क्षेत्रों में भाजपा के चेयरमैन चुन कर भाजपा के सबका साथ सबका विकास नारे में विश्वास प्रकट किया है। हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि शहरी एवं सदर क्षेत्र के नगर निगम पार्षदों ने भाजपा का क्षेत्रीय चेयरमैन चुन कर पुरानी दिल्ली को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की विकास यात्रा से जोड़ दिया है और एक अनूठा इतिहास रचा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि 24 साल बाद पुरानी दिल्ली में उषा शर्मा भाजपा की क्षेत्रीय चेयरमैन चुनी गई हैं और हम सभी पार्षदों को एवं पुरानी दिल्ली के लोगों को यहां के व्यापारियों को विश्वास दिलाते हैं कि हम उन्हें कभी निराश नहीं करेंगे।

दिल्ली में दस में से एक सरकारी स्कूल की इमारत खतरनाकः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली में दस में से एक सरकारी स्कूल की इमारत असुरक्षित और खतरनाक हालत में पहुंच चुकी है। स्कूलों की ऐसी हालत के लिए वर्तमान में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और शिक्षा मॉडल की दुहाई देने वाली 11 वर्षों तक सत्तासीन रही केजरीवाल सरकार है। दिल्ली सरकार के अधीन कुल 1270 स्कूलों में 799 सरकारी और 471 सरकारी मदद वाले स्कूल है। सरकारी स्कूलों की 108 स्कूली इमारतों की जांच सामने आने पर 54 स्कूली इमारतों को गिराने के आदेश दिए गए है। जिससे साफ हो गया है कि जहां आम आदमी पार्टी ने स्कूली इमारतें बनाने के नाम पर केवल कमरों की लिपाई पोताई की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की इमारतों की भी यही हालत है। यादव ने कहा कि बीजेपी की दिल्ली सरकार ने जर्जर स्कूली इमारतों और दो शिफ्टों में चल रहे 284 स्कूलों को एक शिफ्ट में तब्दील करने के लिए प्रति वर्ष 10 स्कूल बनाने का वादा किया था।

शालीमार बाग में 'हीट स्मार्ट स्कूल' पायलट का उच्च-स्तरीय निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में गर्मी और हीटवेव के प्रभावों से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बुधवार को शालीमार बाग स्थित बी. टी. ब्लॉक के सर्वोदय बाल विद्यालय में 'हीट स्मार्ट स्कूल' पायलट का उच्च-स्तरीय निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का आयोजन जिला प्रशासन, मध्य-उत्तर जिला, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और जीआईजेड इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान विद्यालय में विकसित किए गए ऐसे व्यावहारिक और विस्तार योग्य उपायों का अवलोकन किया गया, जिनका उद्देश्य अत्यधिक गर्मी के दौरान विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'हीट स्मार्ट स्कूल' पायलट से जुड़े सभी विभागों और साझेदार संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बदलते जलवायु परिदृश्य में ऐसे नवाचारी प्रयास समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मॉडल राजधानी के अधिक विद्यालयों तक पहुंचेगा और सुरक्षित एवं जलवायु-अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

'समयबद्ध सेवा का नया कानून बदहाल इंटरनेट व्यवस्था में नहीं कारगर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने बुधवार को 'दिल्ली (नागरिकों का समयबद्ध व सुगम सेवा प्रदाय का अधिकार विधेयक, 2026)' को मंजूरी देकर दावा किया है कि अब नागरिकों को सरकारी सेवाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे सुशासन और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम बताया है। हालांकि, जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई व्यावहारिक सवाल भी सामने आ रहे हैं।

सरकारी सेवाओं का बड़ा हिस्सा अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम पर निर्भर है। जन्म, मृत्यु, जाति, आय, निवास, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी समेत अनेक प्रमाणपत्रों का निर्गमन इंटरनेट आधारित पोर्टलों के माध्यम से होता है। ऐसे में यदि नेटवर्क या डिजिटल अवसंरचना बाधित होती है तो तय समय-सीमा में सेवाएं देना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। करीब दो माह पहले दिल्ली के 'आउटर नॉर्थ राजस्व जिले' में एक ही महीने के भीतर दो बार 'एमटीएनएल की ऑप्टिकल फाइबर केबल क्षतिग्रस्त' होने की घटनाएं सामने आई थीं। अधिकारियों के अनुसार, सड़क कटिंग और विभिन्न एजेंसियों द्वारा खुदाई के दौरान केबल को नुकसान पहुंचा, जिससे इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हुईं। इसका असर राजस्व कार्यालयों, दिल्ली नगर निगम और अन्य कई सरकारी विभागों की ऑनलाइन सेवाओं पर भी पड़ा और कई नागरिकों को प्रमाणपत्र जारी होने में देरी का सामना करना पड़ा।

संवेदनशील डेटा का हो सकता है दुरूपयोग

सूत्रों के अनुसार, सरकारी इंटरनेट सेवाएं बंद होने की ऐसी परिस्थितियों में कुछ कार्यालयों द्वारा निजी, वैकल्पिक इंटरनेट कनेक्टिविटी का सहारा लिया जाता है। हालांकि, इस संबंध में यह स्पष्ट नहीं है कि सभी मामलों में निजी इंटरनेट सेवाओं का उपयोग किया जाता है या नहीं। यदि किसी सरकारी कार्यालय में बहुत जरूरी कार्य के चलते निजी कंपनियों का इंटरनेट का उपयोग होता है तो ऐसी स्थिति में संवेदनशील नागरिक डेटा लीक भी हो सकता है।

दंड से पहले व्यवस्थागत कमियों को दूर करना भी जरूरी

इस नए कानून के मामले में नाम नहीं छापने की शर्त पर राजस्व और एमसीडी के कुछ अधिकारियों का कहना है कि केवल समय-सीमा तय कर देना पर्याप्त नहीं होगा। यदि इंटरनेट सेवांए बार-बार बाधित होती है, सर्वर डाउन रहते हैं, विभागों के बीच समन्वय की कमी रहती है या तकनीकी अवसंरचना कमजोर रहती है, तो अधिकारियों पर दंड लगाने से पहले इन व्यवस्थागत कमियों को भी दूर करना होगा।

महिला यात्रियों के लिए विशेष इलेक्ट्रिक बस शुरू करेगी सरकार

महिला को सुरक्षित यात्रा करने का है अधिकारः पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हर महिला को सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा करने का अधिकार है। कामकाजी महिलाओं के लिए समर्पित यह बस नेटवर्क दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को और अधिक सुरक्षित, सुलभ और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित लेडीज स्पेशल इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क शुरू करेगी। डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने राजधानी में महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और आरामदायक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा देने के मकसद से सिर्फ़ महिलाओं के लिए समर्पित इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क शुरू करने का महत्वपूर्ण फ़ैसला किया है।

परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार की यह प्रस्तावित पहल राजधानी दिल्ली में अधिक सुरक्षित, ज़्यादा समावेशी और महिला केंद्रित पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम बनाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री डॉ. पंकज के अनुसार, इस प्रस्तावित नेटवर्क के तहत महिलाओं के लिए विशेष तौर पर 56 समर्पित इलेक्ट्रिक बस सर्विस शामिल हैं। इनमें राजधानी दिल्ली के 15 प्रमुख व्यस्त रूट पर 30 लेडीज़ स्पेशल नाम से बस सेवाएं और दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ और साउथ कैंपस समेत दूसरे बड़े शिक्षण संस्थानों और प्रमुख रिहायशी इलाकों को जोड़ने वाली 13 समर्पित रूटों पर 26 यूनिवर्सिटी लेडीज़ स्पेशल बस सेवाएं शामिल है।

मंत्री से मिली जानकारी के अनुसार, 30 लेडीज़ स्पेशल बसें ऑफिस के व्यस्त समय (पीक आवर्स) के दौरान दोनों दिशाओं में चलेंगी। सुबह की सेवाएं प्रातः 7 बजकर 52 मिनट से लेकर सुबह के 9 बजे के बीच चलेंगी और वापसी की सेवाएं शाम को 4 बजकर 32 मिनट से लेकर 6 बजकर 15 मिनट के बीच संचालित होंगी। ये बसें राजधानी दिल्ली के प्रमुख रोज़गार केंद्रों, कमर्शियल इलाकों, इंस्टीट्यूशनल हब और प्रमुख मेट्रो इंटरचेंज स्टेशनों को जोड़ेंगी, जिससे कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव हो सकेगी।

कॉलेज छात्राओं के लिए 26 यूनिवर्सिटी लेडीज़ स्पेशल बस सेवा

मंत्री ने बताया कि इसी तरह 26 यूनिवर्सिटी लेडीज़ स्पेशल बस सर्विस को कॉलेज को शेड्यूल के हिसाब से प्लान किया गया है। ये बस सर्विस नजफगढ़, रोहिणी, जनकपुरी, मुंडका, मयूर विहार, कालकाजी, पल्ला और धौलाकुआं जैसे बड़े रिहायशी इलाकों को दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ और साउथ कैंपस समेत कई प्रमुख कॉलेजों से सीधे जोड़ेंगी। इस विशेष पहल से सुबह-शाम के समय सफर करने वाली छात्राओं के लिए आने-जाने के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित होगी।

खबर संक्षेप

लाल बहादुर यादव बने अध्यक्ष

फरीदाबाद। सेक्टर 56-56ए स्थित रेजिडेंट्स वेलफेयर कमेटी के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव समिति

द्वारा जारी घोषणा के अनुसार प्रत्येक पद के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त होने के कारण सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में हेमचंद शर्मा को चेयरमैन तथा लाल बहादुर यादव को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया है।

800 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा में किया जागरूक

फरीदाबाद। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस की रोड सेफ्टी सेल ने पिछले

सप्ताह जिले के तीन प्रमुख विद्यालयों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस जयबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में करीब 800 विद्यार्थियों, स्कूलों के ट्रांसपोर्ट स्टाफ और वाहन चालकों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में व्यवहारिक जानकारी देकर जिम्मेदार रोड सेफ्टी स्कॉलर्स प्राइड स्कूल सेक्टर-16 तथा डीपीएस ग्रेटर में अलग-अलग जागरूकता सत्र आयोजित किये।

ठगी के मामले में खाता धारक गिरफ्तार

फरीदाबाद। फोन हैक कर 98500 रुपए की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने

14 जुलाई को संदीप गौर निवासी लखनउ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार एसजीएम नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 मई को उसके व्हॉटसएप पर एक अंजान नंबर से लिंक आया। जिस पर क्लिक करते ही उसका फोन हैक हो गया और उसके खाता से 98500 रुपए कट गए, जिसकी शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

अभियान के तहत सैकड़ों फलदार पौधे लगाए गए

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के पटेल नगर स्थित कालिंदी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सैकड़ों फलदार पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इंद्रप्रस्थ संजीवनी संस्था और कालिंदी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल के लिए भी प्रेरित करना है। कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने कहा कि तेजी से हो रहे शहरी विकास के कारण बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हो रही है। ऐसे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और कॉरपोरेट क्षेत्र को इस दिशा में मिलकर काम करना चाहिए।

पौधों की देखभाल का संकल्प लिया

कालिंदी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. मीरा चंद्र ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. मीरा चंद्र ने उपस्थित अतिथियों का प्रतीक चिह्न एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथियों में पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. एस. डी. सिंह, रोटरी क्लब से संदीप अग्रवाल, गीतिका, कंचन, कमला अग्रवाल, अकाली दल नेता सरदार मंजीत सिंह औलख, भाजपा नेता देवेंद्र सिंह सेठी, विजय शर्मा, जतिन नारंग, अदिति नारंग तथा सामाजिक कार्यकर्ता कमल हांडा शामिल रहे। सभी अतिथियों ने फलदार वृक्ष लगाए, जबकि एनसीसी छात्रों ने अपनी खुशी व्यक्त की।

अधिकारियों के साथ इंदिरापुरम पहुंचे नगर आयुक्त

इंदिरापुरम में नए बने हुए नालों में से हटाये गए अवरुद्ध, चल रहे कार्य स्थलों पर कराई गई बैरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम में लगभग 300 करोड़ के निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें विशेष रूप से नालों का निर्माण, प्रमुख सड़कों का निर्माण, ग्रीन बेल्ट का निर्माण सेंट्रल वर्ज की मरम्मत के कार्य कराई जा रहे हैं। इसी के साथ सी एम ग्रिड के कार्यों से भी इंदिरापुरम की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। यह बात नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने इंदिरापुरम में निर्माणाधीन नालो के निरीक्षण के बाद कहीं।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा इंदिरापुरम के नालों पर हुए कब्जों को भी हटाया गया हैजल भराव ना हो ध्यान में रखते हुए नए नालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 5 से 6 महीने बाद इंदिरापुरम क्षेत्र की सुंदर और सुव्यवस्थित तस्वीर देखने को मिलेगी

जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिलेगा, सुंदर सड़कों के साथ-साथ व्यवस्थित सुविधा का भी ध्यान रखा गया है जल भराव ना हो नालों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की गई है।

चल रहे निर्माण के कार्यों में बारिश से होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए इंदिरापुरम का दौरा समस्त विभागीय अधिकारियों व टीम के साथ किया गया, मौके पर क्षेत्र वासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए और कार्यवाही कराई गई।

जिसमें घरों, प्रतिष्ठानों तथा सोसाइटियों के बाहर जीएसबी मटेरियल डालने का कार्य आवश्यक रूप से कराया गया आने जाने का रास्ता सरल बनाया गया, इसके अलावा निर्माण के कार्य स्थलों पर बैरिकेडिंग अनिवार्य रूप से लगाई गई, नए बने नालों से मिट्टी हटाने का कार्य भी कराया जा रहा है आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई रूप से अप्रोच रोड बनाई जा रही हैं, नगर आयुक्त द्वारा इंदिरापुरम निवासियों के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में बारिश के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े विशेष ध्यान रखने के लिए निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी तथा अन्य विभाग को निर्देश दिए गए।

मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, तथा अन्य समस्त विभागों की टीम को एक साथ योजना तथा समन्वय बनाते हुए इंदिरापुरम में चल रहे कार्यों से निवासियों को असुविधा न हो विशेष ध्यान रखने के लिए को निर्देशित किया गया।

सेक्टर 56-56 ए की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी

सीपीडब्ल्यूडी की जमीन पर चलेगा बुलडोजर, 26 जुलाई से होगी तोड़फोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-22 स्थित शिव नगर और मुजेसर इलाके में सीपीडब्ल्यूडी (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) की जमीन पर मकानों को खाली करने के नोटिस के बाद लोगों में हडकंप मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि वह पिछले 30 से 40 सालों से यहां पर रह रहे है। जबकि दूसरी तरफ विभाग ने 26 जुलाई से तोड़फोड़ का काम शुरू करने का दावा किया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अभियंता सुरेश कुमार के मुताबिक मुजेसर, सारन और सेक्टर-22 में गर्वमेंट प्रैस की करीब 6 एकड़ जमीन है। करीब 25 साल पहले गर्वमेंट प्रैस बंद होने के बाद यह जमीन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर हो गई थी। विभाग की ओर से इस जमीन का कोई उपयोग नहीं किया गया। जिसके बाद यहां पर लोगों ने धीरे धीरे कब्जे कर लिए। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग की ओर से पहले भी नोटिस दिया गया था। जिसको लेकर लोग कोर्ट में चले गए। कोर्ट की ओर से भी अब जमीन को खाली करने का आदेश जारी किया गया है। एसडीएम त्रिलोकचंद ने बताया कि तोड़फोड़ से पहले नियम अनुसार लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए है। उम्मीद है कि लोग तय समय में अवैध निर्माण को खाली कर देंगे।

चलती कार की छत पर बैठकर सफर, ट्रैफिक पुलिस ने काटा 14 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

छांयसा के पास कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे पर चलती कार की छत पर बैठकर सफर करना एक युवक को महंगा पड़ गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार मालिक का 14 हजार रुपए का पोस्ट चालान कर दिया।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने वाली हरकतें बिल्कुल न करें।जानकारी के अनुसार करीब चार दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में एक सेंट्रो कार केजीपी एक्सप्रेसवे पर चलती हुई दिखाई दे रही है। कार में बड़ी मात्रा में सब्जियां भरी हुई थी। बताया जा रहा है कि कार में जगह नहीं बची थी, इसलिए एक युवक कार की छत पर बैठकर सफर कर रहा था। उसी समय पीछे चल रहे एक अन्य वाहन ड्राइवर ने इसका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। देखते ही देखते यह वीडियो वायरल हो गया। वीडियो ट्रैफिक पुलिस के संज्ञान में आने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। जांच में वाहन की पहचान होने पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन के तहत वाहन मालिक का 14 हजार रुपए का पोस्ट चालान किया। चालान में यातायात नियमों की कई धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के यशपाल सिंह ने बताया कि चलती कार की छत पर बैठकर सफर करना बेहद खतरनाक होता है। यशपाल सिंह ने कहा कि वाहन मालिक के खिलाफ पुलिस आदेश की अवहेलना, वाहन के बाहर व्यक्ति को बैठाकर ले जाने, सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने और वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ नहीं रखने सहित कई नियमों के उल्लंघन में कार्रवाई की गई है।

गाड़ी में भरी थी सब्जियां

घर में चोरी का तीसरा आरोपी धराया

आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने घर में लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान दीपक निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के सामान में शामिल चार चांदी की पाजेब और एक चांदी की चेन बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल

भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार संजय एन्क्लेव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मई 2026 को वह अपने परिवार के साथ खाटू श्याम राजस्थान दर्शन के लिए गया था। अगले दिन 30 मई की सुबह जब वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ मिला।

मखाने की फर्म की आड़ में चला रहे थे फर्जी काल सेंटर

नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार युवक व युवतियों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 20 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम, क्राईम ब्रान्च व थाना साहिबाबाद पुलिस ने, संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक व युवतियों को ठगता था। मखाने की फर्म की आड़ में यह फर्जी काल सेंटर चलाया जा रहा था। दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय इस गिरोह के कुल 20 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। इनके कब्जे से भारी मात्रा में साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरण व दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एडीसीपी कानून-व्यवस्था राजकरन नैय्यर ने बताया कि स्वाट टीम, अपराध शाखा एवं थाना साहिबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गा इंडस्ट्रीयल एरिया राजेन्द्रनगर चौकी क्षेत्र राजेन्द्र नगर में संचालित अवैध कॉल सेन्टर पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। कॉल सेन्टर से लोगों को कॉल कर नौकरी का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन/प्रॉसेसिंग फीस के नाम पर साइबर फ्रॉड कर पैसे ऐठने वाले गिरोह के 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मुख्य अभियुक्त अभिषेक जैन ने पूछताछ में बताया कि उसने जैन सन इंटरनेशनल के नाम से एक फर्म रजिस्टर्ड कर रखी है, इस फर्म की आड़ में अपनी पत्नी हिना, मामा सुनील जैन, पीयूष जैन, आंचल जैन पत्नी पीयूष जैन व सलीम के साथ मिलकर हम लोग कुछ महिला और पुरूषों को नौकरी पर रखकर एक फर्जी काल सेंटर चला रहे थे। इस कॉल सेन्टर से हम लोग नौजवान बेरोजगार लड़के व लड़कियों को काल कर नौकरी का झांसा देकर फॉर्म भरवाकर रजिस्ट्रेशन फीस, प्रॉसेसिंग फीस, इन्टरव्यू, कमीशन आदि के नाम पर पैसे लिया करते थे।

स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में भारत को मिलेंगी नई तकनीकों की झलक

ऑटोमेशन एक्सपो में होगा ताइवान की उन्नत औद्योगिक तकनीकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत में विनिर्माण क्षेत्र तेजी से स्मार्ट और टिकाऊ उत्पादन प्रणाली की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में ऑटोमेशन एक्सपो-2026 भारतीय उद्योगों को वैश्विक स्तर की नई तकनीकों से रूबरू कराने का मंच बनने जा रहा है। इस प्रदर्शनी में ताइवान की उन्नत औद्योगिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो स्मार्ट फैक्ट्री और बुद्धिमान मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। 22 से 25 जुलाई तक बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस एक्सपो में ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन के तहत 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड अपनी तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित एज कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, स्मार्ट ऑटोमेशन और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़ी तकनीकें शामिल हैं। इनका उद्देश्य उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा दक्ष और टिकाऊ उत्पादन व्यवस्था को बढ़ावा देना है। 22 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष उत्पाद लॉन्च कार्यक्रम में स्मार्ट और सतत विनिर्माण से जुड़ी नई तकनीकों को प्रस्तुत किया जाएगा। एआई आधारित समाधान उद्योगों को अधिक सक्षम और प्रतिस्पर्धी बना सकते हैं। भारत में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहयोग महत्वपूर्ण होता जा रहा है। ऐसी प्रदर्शनियां भारतीय उद्योगों को नवीन तकनीकों को समझने और उन्हें अपनाने का अवसर प्रदान करती हैं।

14.43 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने शाहिद निवासी नेहरु कालोनी एनआईटी फरीदाबाद को 14.43 ग्राम सहित गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

जिसको आगामी पूछताछ के लिए एक दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम को बाटा फ्लाईओवर पर एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए रेड की गई तथा आरोपी शाहिद को गिरफ्तार किया गया।

जिससे पूछताछ में सामने आया कि 14.43 ग्राम स्मैक को हरिद्वार से किसी व्यक्ति से 30000 रुपए में लेकर आया था जिसको वह बाटा फ्लाईओवर पर किसी को बेचने के लिए जा रहा था। आरोपी का पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड है।

सर्विस सेंटरों के माध्यम से सेवा उपलब्ध कराई जाएगी

ऑनसाइटगो की क्यूडिजी संभालेगी क्रोमा के ओन लेबल उत्पादों की आफ्टर-सेल्स सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल क्षेत्र में आफ्टर-सेल्स सेवा को मजबूत करने की दिशा में क्रोमा ने अपनी सहायक कंपनी क्यूडिजी (ऑनसाइटगो समूह) को पूरे भारत में अपने ओन लेबल उत्पादों का अधिकृत सर्विस पार्टनर नियुक्त किया है। अब क्यूडिजी इंस्टॉलेशन, रिपेयर, मेंटेनेंस और स्पेयर पाट्र्स से जुड़ी सेवाओं का संचालन करेगी। कंपनी के अनुसार, पिछले छह महीनों में सेवा संचालन और तकनीकी प्रणालियों के एकीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टेलीविजन समेत अन्य घरेलू उपकरणों के लिए देशभर में 550 से अधिक सर्विस सेंटरों के माध्यम से सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही स्पेयर पाट्र्स की उपलब्धता, मरम्मत प्रक्रिया और सेवा अनुरोधों की रियल-टाइम ट्रैकिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक शिबाशीष रॉय ने कहा कि ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के बाद भी बेहतर सेवा अनुभव देना कंपनी की प्राथमिकता है। क्यूडिजी के साथ यह साझेदारी बढ़ते ओन लेबल पोर्टफोलियो के लिए मजबूत सर्विस इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ऑनसाइटगो के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुणाल महिपाल ने कहा कि बेहतर आफ्टर-सेल्स सेवा ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। इस साझेदारी के माध्यम से तकनीक आधारित और ग्राहक-केंद्रित सर्विस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

3.10 लाख रुपए नकद, दो सिम कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद

टेलीग्राम टास्क और क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 43.12 लाख की साइबर ठगी, महिला सहित 10 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

घर बैठे पार्ट-टाइम नौकरी और क्रिप्टो ट्रेडिंग के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 43.12 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह पर फरीदाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने मामले में अब तक एक महिला सहित 10 आरोपियों को नोएडा दिल्ली गुरुग्राम व रोहतक से गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पुलिस ने 3.10 लाख रुपए नकद, दो सिम कार्ड और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। सभी गिरफ्तार

आरोपी न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया जबकि फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-31 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 15 मई 2026 को उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद टेलीग्राम के माध्यम से उसे घर बैठे पार्ट-टाइम नौकरी और ऑनलाइन टास्क पूरा कर अच्छी कमाई का लालच दिया गया।

शुरुआत में उसे ई-कॉमर्स वेबसाइट के उत्पादों के लिंक पर क्लिक कर स्क्रीनशॉट भेजने जैसे आसान कार्य दिए गए और बदले में छोटी-छोटी रकम उसके खाते में भेजी गई। इससे पीड़ित का भरोसा जीतने के बाद उसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया।

हरियाणा सरकार | **निविदा सूचना**

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	वन विभाग सिरसा	एनएचएआई स्कीम के तहत सिरसा डबवाली रेंज में नया पौधारोपण और कार्यों का रखरखाव।	14.07.2026 22.07.2026	99.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416067122 forest_srisa@yahoo.com
2	बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत	मद अर्थात फॉल्स सीलिंग की अधिप्राप्ति + छह कार्यों के लिए निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में।	16.07.2026 23.07.2026	ईएमडी 70000	https://etenders.hry.nic.in	9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com
3	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
4	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
5	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
6	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 25 मदों तक मदें निहित सूची (25 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
7	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 22 मदों तक मदें निहित सूची (22 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
8	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदों तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
9	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)*	16.07.2026 19.08.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/180/47210/I/88/7 दि. 15.07.26

खबर संक्षेप

पुलिया से टकराई कार उड़े परखच्चे, 3 की मौत

लखनऊ। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर बछरावां के खैरहनी गांव के पास सुबह बेकाबू कार पुलिया से जा टकराई।

इससे कार सवार सिपाही, रिटायर दीवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों के मुताबिक कार की रफ्तार 100 किमी होने और चालक को झपकी आने के चलते हादसा हुआ।

बरेली में अब तक 58 शातिर गिरफ्तार

बरेली। डीजीपी के निर्देश पर संचालित ऑपरेशन साइबर वज्र के तहत बरेली जिला पुलिस लगातार

कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को छठे दिन जिलेभर में 29 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए। इनके पास से 26.49 लाख रुपये, 69 मोबाइल फोन और 21 डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं। अब तक कुल 58 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 1.67 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का लेनदेन सामने आया है।

ब्राउन शुगर के दो तस्करों को रंगे हाथो दबोचा

रांची। लोहरदगा झारखंड के लोहरदगा जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ कुडू थाना पुलिस ने

कार्रवाई की। पुलिस ने कुडू थाना क्षेत्र के मानती पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच अभियान चलाकर 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया। कुडू थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान लोहरदगा एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कार्रवाई का खुलासा किया। अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को 14 जुलाई की शाम करीब 5:00 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा-लोहरदगा मुख्य मार्ग से ब्राउन शुगर की एक बड़ी खेप बिक्री के लिए ले जाई जा रही है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जन भवन में मंथन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिए अहम सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के साथ संवाद एवं रात्रिभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चुनाव सुधार, महिला आरक्षण, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, स्थानीय निकाय चुनाव, चुनावी व्यय और राजनीतिक संगठनों की भूमिका सहित कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई।

जन भवन में आयोजित संवाद के दौरान राज्यपाल ने समिति के समक्ष यह महत्वपूर्ण प्रश्न रखा कि यदि किसी क्षेत्र में एक-दो वर्ष पहले ही चुनाव संपन्न हो चुके हों और नई व्यवस्था लागू होने के कारण दोबारा चुनाव कराने पड़ें, तो उम्मीदवारों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक भार और चुनावी

राजनीतिक संगठनों की भूमिका सहित कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई

खर्च की भरपाई के लिए क्या व्यवस्था होगी। उन्होंने महिलाओं की प्रभावी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अधिक अवसर, प्रशिक्षण और संगठनात्मक सहयोग उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने कहा कि समिति देशभर में विभिन्न वर्गों से सुझाव लेकर व्यापक सहमति बनाने का प्रयास कर रही है। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मजबूत संगठन को लोकतंत्र की आधारशिला बताया, जबकि भर्तृहरि महताब, परषोत्तमभाई रूपाला, धर्मेंद्र यादव, कविता पाटीदार, डॉ. के. लक्ष्मण और अन्य सदस्यों ने भी चुनाव सुधार, महिला भागीदारी, चुनावी व्यय और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने संबंधी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने समिति के सदस्यों को जन भवन के प्रकाशन स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किए तथा सभी ने जन भवन के नवाचारों और जनकल्याणकारी पहलों की सराहना की।

सीएम योगी ने कहा-पहले नौकरी निकलती नहीं थी और निकल गई तो चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली पर निकल पड़ती थी

2017 से पहले तत्कालीन सरकार ही सबसे बड़ी अपशगुन थी: सीएम योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने जताया युवा शक्ति पर भरोसा, कहा- युवाओं के दम पर बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर का उत्तर प्रदेश

टी एन मिश्र ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए न रोजगार था और न पारदर्शी भर्ती प्रणाली। सरकारी नौकरियों पर एक परिवार का अधिकार था और बिना पैसे कोई काम नहीं होता था। उत्तर प्रदेश कभी बीमारू नहीं था, बल्कि तत्कालीन सरकार की सोच व कार्यशैली बीमार थी। 2017 से पहले तत्कालीन राज्य सरकार ही प्रदेश की सबसे बड़ी अपशगुन थी। पिछले नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने 9 लाख से अधिक युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां दी हैं, जबकि सवा तीन करोड़ से अधिक युवा व कारीगर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़े हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, प्रशिक्षित युवाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की।

सीएम ने कहा कि इस वर्ष यूनेस्को ने विश्व युवा कौशल दिवस की थीम ₹साझा भविष्य के लिए कौशल निर्धारित की है। अवसर तभी साकार होते हैं, जब दूरदृष्टि और सकारात्मक सोच वाली सरकार हो। दुनिया का सबसे अधिक युवा वर्ग उत्तर

पहले यूपी के नाम पर बाहर के लोग चिढ़ते थे, सरकारी नौकरी पर एक खानदान का अधिकार था

प्रदेश में है और यह गर्व का विषय है। यह हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड है। हम इस स्केल को स्किलिंग से जोड़कर यूपी की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। युवा शक्ति किसी भी चुनौती का समाधान बन सकती है। युवाओं को सही दिशा, प्रशिक्षण व अवसर मिलें तो वे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

पहले यूपी के नाम से चिढ़ते थे बाहरी लोग

सीएम ने कहा कि पिछली सरकारों ने ऐसे हालात बना दिए कि बाहर के लोग यूपी के नाम से चिढ़ते थे। कोई युवा डिप्लोमा या डिग्री लेकर प्रदेश से बाहर जाता था तो उसे अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़ता था। सरकारी नौकरियों पर एक खानदान का अधिकार था, पारदर्शिता का अभाव था। भर्ती प्रक्रियाओं में भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार हावी था। बिना पैसे कोई काम नहीं होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन्ना सेठ हो या झोपड़ी में रहने वाला इंसान, रोटी केवल दो ही खाता है। जिसके पास सीमित आवश्यकता है, उसको नींद अच्छी आती है। जिसके पास चोरी का पैसा होगा, वह ठीक से सो भी नहीं पाता। उसके लिए तो जीवन नर्क से बदतर है।

स्किल डेवलपमेंट को मिली नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार देश में कौशल विकास मंत्रालय का गठन कर स्किल डेवलपमेंट को नई पहचान और दिशा दी। इसे युवाओं के रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बनाया गया है। करीब 10 वर्ष पहले यहां मौजूद अधिसंख्य युवा छात्र थे और माता-पिता पर निर्भर थे। तब प्रदेश की स्थिति बेहद खराब थी। युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और आधुनिक तकनीक से जोड़ने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं थी। स्कूल शिक्षा की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी और युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। कानून-व्यवस्था की स्थिति भी कमजोर थी। न बेटियां सुरक्षित थीं।

योगी सरकार का बड़ा एक्शन, रिटायर्ड एआरटीओ के घर से 20 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

छापेमारी के दौरान 13 किलो सोना, नौ किलो चांदी और 1.62 करोड़ नकद और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद

हरिभूमि न्यूज, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान यानी विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापेमारी की। दो दिन तक चली इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम ने 1 करोड़ 62 लाख रुपये नकद, करीब 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी, हीरे एवं सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विजिलेंस के अनुसार ललित कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है।

- **डीजीपी राजीव कृष्णा ने की टीम को एक लाख रुपए पुरस्कार देने की घोषणा**

न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद 7 और 8 जुलाई को अलीगंज स्थित आवास पर यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में मकान, फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेज, दो लग्जरी कारें, एक रिवॉल्वर तथा बैंक खातों, डाकघर, म्यूचुअल फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट में एक करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के रिकॉर्ड भी बरामद हुए हैं। विजिलेंस का कहना है कि सभी दस्तावेजों का सत्यापन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी राजीव कृष्णा ने इस कार्रवाई के लिए लखनऊ सेक्टर की टीम को एक लाख रुपए पुरस्कार देने की भी घोषणा की गई है।

भारी पुलिस बल तैनात

लखनऊ के मवैया में रेलवे भूमि पर चला बुलडोजर, करोड़ों की जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया इलाके में पूर्वोत्तर रेलवे की जमीन पर बने अवैध निर्माणों के खिलाफ बुधवार को बड़े पैमाने पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और इंजीनियरिंग विभाग की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। संयुक्त अभियान के तहत रेलवे की जमीन पर बनी दुकानों, झोपड़पट्टियों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाया गया।

डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पहले कई बार नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय के भीतर निर्माण नहीं हटाए गए। इसके बाद बुधवार को आरपीएफ, जीआरपी और इंजीनियरिंग विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की।

यह अभियान मवैया तिवारी होटल से लेकर मछली मंडी तक रेलवे की भूमि पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने के लिए चलाया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। प्रशासन का कहना है कि रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पेज एक का शेष

उनका जवाब था ...

परिश्रम करने के बावजूद मेरा टिकट नरोत्तम मिश्रा ने छीन लिया। 2014 में शिवराज जी ने आश्वासन दिया पूरा नहीं हुआ। भाग्य का खेल है, भाग्य जहां ले जाएगा, जाएंगे, इसके अलावा क्या कर सकते हैं, क्या कह सकते हैं।

प्रश्नः किस बात से आपको ज्यादा हैरत है कि आप कांग्रेस से चुनाव प्रत्याशी नहीं हैं या भाजपा से नरोत्तम मिश्रा प्रत्याशी नहीं हैं?

उत्तरः मैं अकेला व्यक्ति हूं जो पिछले तीन महीने से यह कह रहा था कि नरोत्तम मिश्रा को निराशा हाथ लगेगी। स्वयं को टिकट नहीं मिलने से हैरान हूं। लेकिन इससे ज्यादा हैरानी की बात है कि दतिया विधानसभा क्षेत्र में से तीन दलों में से जिनने सबसे अच्छी परिश्रम करके तैयारी की उनमें मैं, नरोत्तम मिश्रा जी और राजेंद्र भारती जी हम तीनों चुनावी परिदृश्य से बाहर हो गए और जो लोग दतिया में कहीं से भी सक्रिय नहीं थे ऐसे तीनों लोग आज चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए हैरत की बात यह है कि जिन्होंने पसीना बहाया वे बाहर हो गए हैं और जिन्होंने कभी परिश्रम नहीं किया, दतिया की जनता के लिए किसी प्रकार की लड़ाई नहीं लड़ी वे खंब ठोककर चुनाव में खड़े हो गए हैं उनकी पार्टियों ने उन पर भरोसा किया हम पर नहीं किया ज्यादा हैरत की बात तो यह है।

प्रश्नः आपको किस आधार पर ऐसी उम्मीद थी कि नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं मिलेगा और आज इस बात का अफसोस नहीं है कि भाजपा में ही बने रहते तो आपको मौका मिल जाता?

उत्तरः नरोत्तम मिश्रा का टिकट नहीं होगा यह मुझे इसलिए लग रहा था क्योंकि मैं लंबे समय से भाजपा में रहा हूं उसकी राजनीति समझता हूं जिस प्रकार से नरोत्तम मिश्रा ने जातीय सम्मेलन अपने स्तर पर प्रारंभ किए, जिस प्रकार से नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा के विभिन्न स्तर के बड़े नेताओं, मंत्रियों, निगम अध्यक्षों को दतिया में बुलाने का काम किया और वे आए भी, भाजपा में इसको अनुशासनहीनता माना जाता है और यह सब उनकी माइनस मार्किंग हो रही थी यह उनकी समझ में नहीं आ रहा था। 2025 में शिवराज सिंह चौहान दतिया आए थे, नरोत्तम मिश्रा ने उनका बहिष्कार कर दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भांडेर और सेवढ़ा में आए नरोत्तम मिश्रा उनसे मिलने नहीं गए। यहां एक हवाई अड्डे के उद्घाटन में केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद आए थे उस कार्यक्रम में उपद्रव हुआ था और पुलिस के अधिकारियों के ट्रांसफर हुए थे। सांसद तो लगातार इस बात से नाराज थीं कि उन्हें किसी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता है। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री का अपमान, सांसद की नाराजगी ये सारी बातें केंद्रीय नेतृत्व के पास पहुंच रही थीं। इसलिए, मुझे लग रहा था कि उन्हें टिकट नहीं मिलेगा।

प्रश्नः नरोत्तम को भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो पूरा दतिया ठहर गया सड़कें जाम हो गईं, लोग भूखे-प्यासे सड़कों पर दिखने लगे। आपको कांग्रेस ने टिकिट नहीं दी, कहीं कुछ नहीं हुआ?

उत्तरः मैंने कराया नहीं, होने को तो सब हो जाता। कांग्रेस ने कुंवर घनश्याम सिंह को टिकट दिया है उनसे मेरा कोई विरोध नहीं है। मुझे इस बात से दुख नहीं हुआ कि घनश्याम जी को टिकट क्यों दिया मुझे नहीं दिया इसकी पीड़ा है। जहां तक नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों की बात है तो वे यह मानने को तैयार नहीं थे कि नरोत्तम को टिकट नहीं मिलेगा। खुद नरोत्तम भी इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने नामांकन पत्र खरीद लिया था। जबकि भाजपा की राजनीति में इतना अनुशासन है कि जब तक भोपाल से दिल्ली से आपका नाम नहीं आता तब तक आप नामांकन पत्र खरीद नहीं सकते। दतिया में नरोत्तम मिश्रा की निजी सेना खड़ी हो गई थी। इस सेना में ऐसे प्रकार के लोग थे जिनके व्यवसायिक हित थे। बहुत से लोग डबरा से भी आए।

प्रश्नः एक पार्टी में आपने 3 दशक लगा लिए और एक में 3 साल लगा दिया, क्या समझ में आया कौनसी पार्टी ठीक है?

उत्तरः सबका एक ही उद्देश्य है सत्ता प्राप्त करना और विचार की राजनीति अब गौण हो गई है। जो लोग भाजपा के बारे में गलत शब्द का प्रयोग करते थे वे कभी भी भाजपा के सदस्य हो सकते हैं, उन्हें कभी भी भाजपा का लोकसभा का, राज्यसभा का सांसद और विधानसभा का सदस्य बनाया जा सकता है। और ऐसा ही कांग्रेस में है। किसी प्रकार का विचार अब शेष बचा नहीं है। सत्ता कैसे येन केन प्रकरण अब प्राप्त हो जाए यह सभी का उद्देश्य है उसमें भाजपा-कांग्रेस सब शामिल है।

प्रश्नः भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को टिकट दिया है कैसा निर्णय है ये?

उत्तरः भाजपा ऐसे चौंकाने वाले निर्णय करती है। भाजपा में केंद्रीय स्तर के मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर थे, बहुत ऊंचाई पकड़ ली थी, आज भी उनकी ऊंचाई खूब है, लेकिन एकाएक उन्हें विधानसभा का टिकट पकड़ा दिया, प्रह्लाद पटेल को, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह को पकड़ा दिया। और उनसे बहुत जूनियर मोहन यादव जी को सीएम बना दिया। राजस्थान में भजनलाल जी को सीएम बना दिया तो भाजपा ऐसे चौंकाने वाले निर्णय करती है भाजपा की राजनीति समझने वालों के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है।

प्रश्नः आशुतोष तिवारी को टिकट देना क्या भाजपा का निर्णय बेहतर है या भाजपा ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है?

उत्तरः यह तो आगे परिणाम बताएगा। आज इस पर कुछ नहीं कह सकते। दूसरी पार्टी के टिकट को लेकर मैं क्या कह सकता हूं। वो उनकी पार्टी का अंदरूनी मामला है। ये तो जनता है वो तय करेगी।

प्रश्नः कांग्रेस में क्या होता है?

उत्तरः कांग्रेस में तो नेतृत्व चलता रहता है। अस्सी साल के दिग्विजय सिंह जी हैं, उन्नासी साल के कमलनाथ जी हैं। कांग्रेस में तो यह चलता रहता है।

प्रश्नः बड़ी उम्मीद के साथ आशुतोष तिवारी आपसे मिलने आए थे, क्या आशा लेकर आए थे?

उत्तरः सौजन्य से मिलने आए थे। घनश्याम जी भी आए थे। जब मैंने चुनाव लड़ा था, मैं भी जाता था। हमारे दतिया में यह परंपरा है जिनको टिकट मिलता था वे लोगों से मिलने जाते हैं, सिवाए नरोत्तम मिश्रा के। बकायदा सारे लोग जाते हैं। एक दूसरे से मिलते हैं। सौजन्य भेंट होती है। इसलिए वो आए थे। मुझे क्या करना है ये मेरे समर्थक और शुभचिंतक तय करेंगे। अपने समर्थकों से चर्चा करने के पश्चात मैं अतिशीघ्र कोई निर्णय करूंगा।

प्रश्नः इतनी उलझन और असमंजस क्या है?

उत्तरः मेरे कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का बड़ा समूह है जिन्होंने मेरे लिए सब कुछ किया। तो उनकी भावनाओं का सम्मान तो करना पड़ेगा। उनकी भावनाओं का अनादर कैसे कर सकते हैं। उनसे पूछना पड़ेगा। उनसे ही मैं हूं। और उनसे मैं हूं तब दतिया में बहुत कुछ हो रहा था। कोई भी जेल में जा सकता था, किसी पर भी प्रकरण दर्ज हो सकते थे। प्रताड़ना की कोई सीमा नहीं थी। उस समय भी वो मेरे साथ डटकर खड़े रहे। और इसलिए मैं कभी-कभी कहता हूं और यह सही भी है कि वो मेरी प्राणवायु हैं। उनसे तो पूछना पड़ेगा और जो वो कहेंगे, हम करेंगे। वो ही करना है जो वो कहेंगे।

प्रश्नः भाजपा में नरोत्तम मिश्रा बने हुए हैं, भाजपा में क्या आप अपनी जगह देखते हैं?

उत्तरः अभी तो ऐसा कोई विचार ही नहीं है। मैंने कहा ना कार्यकर्ता जैसा कहेंगे वैसा करेंगे। चुनाव परिणाम कुछ भी हो अब नरोत्तम मिश्रा डबरा चले जाएंगे, दतिया नहीं रहेंगे। क्योंकि आशुतोष भी कोई सामान्य कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। आशुतोष जी पूरे मध्यप्रदेश के लगभग हर जिले के संगठन मंत्री रहे हैं। आशुतोष जी बड़े संगठक भी हैं तो आशुतोषजी को किसी भी तरह से दबाने का काम कोई नहीं कर सकता।

प्रश्नः राजेंद्र भारती करीब ढाई साल तक दतिया के विधायक रहे हैं क्या उन्होंने ऐसा कुछ किया है जिससे कांग्रेस को फायदा होगा?

उत्तरः विपक्ष का विधायक कुछ कर नहीं सकता यह कहने में मुझे कुछ गुरेज नहीं है। और इसका उदाहरण खुद नरोत्तम मिश्रा है जो यहां के बड़े नेता हैं, विधायक, मंत्री रहे हैं। वो 1998 से 2003 तक डबरा के विधायक रहे, तब कांग्रेस की सरकार थी तो कौनसा काम कर पाए। कोई भी विपक्ष का विधायक काम नहीं कर पाता। बड़े से बड़ा विधायक को भी सत्तारूढ़ पार्टी काम नहीं करने देती है।

प्रश्नः राजेंद्र भारती का कहना है कि नरोत्तम मिश्रा का मैनेजमेंट कमाल का है, जिसके चलते उन्होंने 2023 में कांग्रेस में आपको टिकट दिलवा दिया था, आप क्या कहना चाहेंगे?

उत्तरः राजेंद्र भारती तो खुलेआम कहते थे कि मेरी सेटिंग उनसे (नरोत्तम मिश्रा) से है। हालांकि, मेरी किसी प्रकार की कोई सेटिंग नहीं थी। कमलनाथ जी ने मुझे बुलाया था बात करने के लिए। बात हुई। उन्होंने मुझे टिकट दिया। राजेंद्र भारती जी को लगता था कि उन्होंने बहुत संघर्ष किया है तो उन्हें टिकट मिलना चाहिए था। टिकट नहीं मिला तो उन्हें लगा कि अवधेश नायक का टिकट कटना चाहिए। उन्होंने ऐसे आरोप लगाए। अभी भी बहुत सारे लोग कह रहे हैं कि घनश्यामजी का टिकट भी उन्हीं का है। राजेंद्र भारती तो यह भी कहा करते थे कि 2013, 2018 और 2023 में घनश्यामजी ने उनका काम न करके नरोत्तम मिश्रा का काम किया।

वाराणसी में दो एलिवेटेड ...

स्टेशन, वाराणसी जंक्शन, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी एयरपोर्ट और रिंग रोड तक बेहतर संपर्क स्थापित होगा।

रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को भी हरी झंडीः कैबिनेट ने ओडिशा और झारखंड में भारतीय रेलवे नेटवर्क के विस्तार के लिए 145 किलोमीटर लंबी दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें पारादीप-हरिदासपुर डबलिंग (ओडिशा) और राजखरसावां-डांगोपोसी चौथी लाइन (झारखंड) शामिल हैं। करीब 3,907 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं को 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार का कहना है कि इससे माल और यात्री रेल सेवाओं की क्षमता बढ़ेगी तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

तटरक्षकबल को मिली बड़ी ...

परीक्षण के लिए समर्पित एक सुविधा है।

आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावाः तटरक्षकबल ने बताया कि इस परीक्षण का निरीक्षण बल, वर्गीकरण संस्था, मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। यह देश की समुद्री आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वर्तमान समय में तटरक्षकबल की 14 फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) परियोजना है। इन सभी का निर्माण एमडीएल द्वारा किया जा रहा है। यह भारत की पहली स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना है। जिसमें देश में निर्मित एमजेपी वाटरजेट प्रणोदन प्रणाली लगाई जा रही है। पूर्व में समुद्री प्रणोदन प्रणाली को विदेशों से आयात किया जाता था।

मजबूत होगा रक्षा पारिस्थितिकी तंत्रः तटरक्षकबल ने कहा कि इस प्रक्रिया के जरिए रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी, रक्षा आपूर्ति श्रृंखला अधिक सुदृढ़ तथा लचीली बनेगी। इसके अलावा मामले में विदेशी वास्तविक उत्पाद निर्माताओं (ओईएम) पर निर्भरता घटेगी। उपकरणों के सेवाकाल के दौरान उनके रखरखाव और तकनीकी सहायता भी दुरुस्त होगी।

बीजेपी चाहती है मुझे हार्ट अटैक आए ...

कि बीजेपी चाहती थी कि मुझे हार्ट अटैक आए, लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूँगी जब तक आपका अंत न देख लूँ। ममता ने कहा कि मित्रा ने इसलिए पद छोड़ा क्योंकि ईडी ने मंगलवार को उनकी पत्नी और दो बेटों को समन भेजा था। उन्होंने यह भी कहा कि अभिषेक बनर्जी का उनके इस फ़ैसले से कोई लेना-देना नहीं था। ममता ने कहा कि अभिषेक पार्टी पर हमलों के लिए एक बहाना बन गए हैं, जबकि उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को बार-बार समन भेजे गए हैं। उन्होंने समझौते के ज़रिए राहत पाने के बजाय राजनीतिक लड़ाई जारी रखने के लिए उनकी तारीफ़ की। बुधवार को फ़ेसबुक लाइव के दौरान टीएमसी प्रमुख बनर्जी ने कहा कि अभिषेक बनर्जी को एक बहाना बना दिया गया है। उनके परिवार के सदस्यों को समन भेजे गए थे। अगर वह चाहते तो राहत पा सकते थे। लेकिन वह लड़ाई के मैदान से पीछे नहीं हटे। जिस तरह से उन्होंने लड़ना जारी रखा है, उनकी सभी कमियों को माफ़ कर दिया गया है। पार्टी छोड़ने वालों की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि मैं इन गद्दारों की ओर से जनता से माफ़ी मांगती हूँ। मैंने राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए अपना विवेक नहीं बेचा है। टीएमसी प्रमुख ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार राजनीतिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्होंने समझौता करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा अगर मैंने समझौता किया होता, तो हमें इतनी प्रताड़ना नहीं झेलनी पड़ती। जिन लोगों ने समझौता किया है, उनके पास अपने कई बैग और सामान हैं। यह बात उन्होंने उन नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कही जिन्होंने अपनी पार्टी बदल ली है।

हरियाणा भाजपा प्रदेश ...

डा. अर्चना गुप्ता और राव इंद्रजीत के बीच मोदी और नायब सरकार की विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह के अनुभव का लाभ पार्टी और प्रदेश को निरंतर मिल रहा है। वहीं, राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियां और जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचेंगी। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। मोदी और नायब सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन और सरकार के समन्वित प्रयासों से हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

भारतीय रेलवे का नया ...

ऐतिहासिक क्षण से ठीक पहले, पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस अत्याधुनिक ट्रेन की बेहद आकर्षक तस्वीरें साझा कीं और गर्व से लिखा कि भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन हरियाणा से चलने के लिए तैयार है। यह क्रांतिकारी कदम देश को कार्बन मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन देने की दिशा में भारतीय रेलवे की सबसे बड़ी वैज्ञानिक और औद्योगिक सफलताओं में से एक है। देश की इस पहली हाइड्रोजन ट्रेन का सफर हरियाणा की धरती से शुरू होने जा रहा है। लगभग 90 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर इस ट्रेन का तकनीकी परीक्षण पूरा हो चुका है। ट्रायल के दौरान यह ट्रेन 75 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ी। कंप्रेस्ड हाइड्रोजन गैस को सुरक्षित रूप से स्टोर करने और ट्रेन में ईंधन भरने के लिए जींद में एक विशेष रिफ्यूलिंग और स्टोरेज यूनिट का निर्माण किया गया है। रेलवे ने इस तकनीक को विशेष रूप से उन रूटों के लिए तैयार किया है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बिजली के तार बिछाना बेहद मुश्किल और खर्चीला काम है। इस ट्रेन में 10 कोच होंगे, जो इसे ब्रॉड गेज पर चलने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन बनाते हैं। ट्रेन को चलाने के लिए इसमें दो ड्राइविंग पावर कार लगाई गई हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 1200 किलोवाट है। हाइड्रोजन गैस की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया गया है। ट्रेन को हाइड्रोजन लीक डिटेक्टर और फ्लेम डिटेक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है, जो 24 घंटे सुरक्षा सिस्टम की निगरानी करेंगी।

रोहतक की गुनगुन ...

बीच आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 जुलाई 2026 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे।गौरतलब है कि कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट कंपनी सेक्रेटरी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा है। इसे भारतीय कंपनी सचिव संस्थान संचालित करता है, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक संस्था है।

मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

फिटनेस फंडा
जितेन लालवानी

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

डाइट प्लान: मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

वर्कआउट रूटीन: मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रूटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

मैनेज करता हूं टाइम: अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

मेंटल हेल्थ: मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

फिटनेस आइडल: ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लिन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

रीडर्स को मैसेज: मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

क्या आप भी अकसर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश: झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर: चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड,





हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम: त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स: बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।

लिपस्टिक-नेल पॉलिश: महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे: ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)

ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर

- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

एडवाइस
शिखर चंद जैन

मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

न्यूरॉन्स का रोल: मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

क्यों जरूरी है बचाव: मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।

पसीना बहाएं: जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

सिर की सुरक्षा जरूरी: मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे- साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

पर्याप्त सावधानी बरतें: कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

सामाजिक दायरा बढ़ाएं: सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

अच्छी नींद लें: रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

ब्रेन फूड लें: स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटेरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)

ब्रेन एक्सरसाइज करें

जिस प्रकार शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।

स्टीम से हाइड्रोजन तक भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से चलेगी

भारतीय रेलवे का इतिहास केवल पटरियों के विस्तार की कहानी नहीं, बल्कि तकनीकी प्रगति व नवाचार की निरंतर यात्रा का दस्तावेज है। भाप से शुरू हुआ यह सफर डीजल और बिजली के पड़ावों से गुजरता हुआ अब हरित ऊर्जा के नए युग में प्रवेश कर रहा है। 17 जुलाई 2026 को हरियाणा का जींद इतिहास रचेगा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जींद–सोनीपत रेलखंड से शुरू होने वाली यह सेवा तकनीकी नवाचार, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ेगी। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा आज वैश्विक चुनौतियां हैं, जिनके चलते परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल बनाना अनिवार्य हो गया है। इस बदलाव की शुरुआत हरियाणा से होना विशेष महत्व रखता है। जींद–सोनीपत खंड का चुनाव राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे और परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता का परिचायक है। औद्योगिक विकास, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार और नागरिक उड्डयन में हुए निवेश ने हरियाणा को राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं का स्वाभाविक केंद्र बना दिया है।

विकास के नए आयाम गढ़ता हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से हरियाणा में आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के कर-कमलों से 14700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा, जिनमें जींद–सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन, कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, भिवानी व नारनौल के चिकित्सा महाविद्यालय, दिल्ली–अम्बाला–कटरा हाईवे तथा अम्बाला–काला अम्ब और जींद–गोहाना नेशनल हाईवे शामिल हैं। साथ ही सिख संग्रहालय कुरुक्षेत्र और हांसी–बरवाला हाईवे का शिलान्यास भी प्रदेश के सांस्कृतिक और आधारभूत विकास को नई दिशा देगा। ये परियोजनाएं हरियाणा के आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात, निवेश और रोजगार का सशक्त आधार बनेंगी और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी।

हाइड्रोजन ट्रेन-रेल तकनीक का भविष्य

हाइड्रोजन तकनीक फ्यूल सेल प्रणाली पर आधारित है, जिसमें संग्रहित हाइड्रोजन और वायुमंडलीय ऑक्सीजन की रासायनिक क्रिया से विद्युत ऊर्जा बनती है और केवल पानी व ऊष्मा उपोत्पाद के रूप में निकलती है। कोई प्रदूषणकारी गैस नहीं। यह उन रेलमार्गों के लिए विशेष रूप से कारगर है जहां पूर्ण विद्युतीकरण व्यावहारिक नहीं है, और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने में मदद करती है। भारतीय रेलवे ने परिचालन, सुरक्षा और ऊर्जा प्रबंधन में भी व्यापक बदलाव किए हैं। तेज विद्युतीकरण, स्वदेशी सुरक्षा प्रणालियां और नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग ने रेलवे को अधिक आधुनिक और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार बनाया है। हाइड्रोजन ट्रेन इसी दिशा की अगली कड़ी है, जो ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और आयातित ईंधन पर निर्भरता घटाने में सहायक होगी। जर्मनी ने वाणिज्यिक हाइड्रोजन यात्री ट्रेन सेवा शुरू करके इस तकनीक को वैश्विक मान्यता दिलाई व इसके बाद चीन सहित कई देशों ने भी इसके विकास व परीक्षण को गति दी है। भारत का यह कदम दर्शाता है कि देश केवल वैश्विक बदलावों का अनुसरण नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य की परिवहन प्रणालियों के विकास में सक्रिय भागीदारी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जींद–सोनीपत सेवा भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगी। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप रेल परिवहन में हाइड्रोजन तकनीक का समावेश ऊर्जा संक्रमण को तेज करेगा और भविष्य में उन रेल मार्गों के लिए भी नए विकल्प देगा जहां पारंपरिक विद्युतीकरण संभव नहीं है। हरियाणा का इस ऐतिहासिक पहल का पहला पड़ाव बनना राज्य के विकसित बुनियादी ढांचे और प्रभावी क्रियान्वयन क्षमता का प्रमाण है। 17 जुलाई को जब यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा पर रवाना होगी, तो यह केवल यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने का साधन नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की उस नई सोच का प्रतीक होगी जिसमें तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संवेदनशीलता साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। यह यात्रा आने वाले वर्षों में रेलवे के विकास को नई दिशा देगी और हरित, आधुनिक तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई गति देने वाले एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने हरियाणा को देश की सबसे बड़ी हरित तकनीकी पहल का प्रथम साक्षी बनाया है, और यह मेरे लिए हर्ष का विषय है। मैं मानता हूं कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज हरियाणा विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। हाइड्रोजन ट्रेन जैसी परियोजनाएं यह सिद्ध करती हैं कि प्रधानमंत्री सदैव देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए पहले से तैयार करने में विश्वास रखते हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं हरियाणा की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं यह भी विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करती रहेगी।

–नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री हरियाणा

विकसित हरियाणा विकसित भारत

कुछ मंत्रियों ने भी इस पर विरोध दर्ज कराया, इसके बाद मामला कैबिनेट में डिफर हो गया

जहां डॉक्टर नहीं हैं, पहले वहां डॉक्टरों की भर्ती इसके बाद ही दूसरे अस्पतालों का उन्नयन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को अस्पतालों के उन्नयन, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम समेत तीन मुद्दों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंजूरी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल तो बन जाते हैं, पर डॉक्टरों की कमी की वजह से वह संचालित नहीं हो पाते। प्रदेश में ऐसे तमाम स्वास्थ्य केंद्र हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं हैं। पहले उन अस्पतालों में डॉक्टरों की भर्ती कराएं, इसके बाद ही उन्नयन के बारे में चर्चा करें। स्वास्थ्य विभाग में 73 उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन करने का मुद्दा मंजूरी के लिए रखा गया था।

कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते सीएम डॉ. मोहन।

73 अस्पतालों के उन्नयन का रखा था प्रस्ताव

इसके बावजूद कैबिनेट में 73 अस्पतालों के उन्नयन का मुद्दा रखा गया। बताते हैं कि मंजूरी मिलने पर इन सभी अस्पतालों में उपकरणों के साथ ही टेक्निशियन से लेकर अन्य पदों पर भर्ती की जाती। इसके लिए 1600 डॉक्टरों की मांग रखी गई। इस पर कुछ मंत्रियों ने कहा कि डॉक्टरों की कमी प्रदेश भर में हैं। ऐसे में अस्पतालों के उन्नयन से एक और बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी कहा कि पहले जिन अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, वहां डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, इसके बाद ही उन्नयन हो। एक उदाहरण यह भी दिया गया कि राजगढ़ के खिलचीपुर के पास एक अस्पताल में बडे.पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है।

जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी

नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए 8 हजार 445 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगाई है।

निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय

रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। पंजाब नेशनल बैंक से ली गई साख सीमा में 19 जुलाई 2026 से 18 जनवरी 2027 तक 6 माह के लिए शेष राशि 396 करोड़ की निःशुल्क प्रत्याभूति उपलब्ध कराई जाएगी।

नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति गिरोह के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान' ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समाज को जागृत करने का कार्य किया है। नशे का कोई भी प्रकार एक व्यक्ति और समाज को नष्ट करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की पूर्व संध्या पर आयोजित शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

नशे के कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं। नशे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई हो, जो नजीर बन जाए। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। स्कूल और कॉलेजों में नशा मुक्ति के लिए कोर्स भी शुरू किए गए हैं।

केनरा रोबेको की निवेश यात्रा एनसीआर पहुंची

नई दिल्ली। भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड हाउस, केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड की इन्वेस्टमेंट मैनेजर, केनरा रोबेको एएमसी ने निवेश बस यात्रा की शुरुआत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में की है। यह पहल निवेशकों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने और म्यूचुअल फंड के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से की गई है। इसका उद्देश्य राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लोगों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाना तथा म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह बस यात्रा 4 जुलाई को दिल्ली से शुरू हुई थी और अब गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, रोहतक, हिसार, करनाल, पानीपत और सोनीपत जैसे शहरों में पहुंचकर लोगों को निवेश संबंधी जानकारी दे रही है।

एनसीएलटी के आदेश के बाद एंटरटेनमेंट सिटी के पुनर्विकास का मार्ग हुआ प्रशस्त

नई दिल्ली/नोएडा। हाल ही में माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के आदेश के बाद भूटानी ग्रुप ने एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड से जुड़े मामले में आई कानूनी स्पष्टता का स्वागत किया है। ग्रुप ने कहा कि वह इस प्रतिष्ठित परियोजना के पुनर्विकास एवं पुनर्जीवन के लिए सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक सहयोग की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख स्थान पर स्थित एंटरटेनमेंट सिटी देश के सबसे बड़े मनोरंजन एवं लाइफस्टाइल परिसरों में से एक है। यहाँ द ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल, गार्डन्स गैलेरिया मॉल, वर्ल्ड्स ऑफ वंडर थीम पार्क, वाओ वाटर पार्क, किडज़ानिया, होटल, रिटेल एवं अन्य प्रमुख मनोरंजन सुविधाएँ स्थित हैं। लगभग 147.4835 एकड़ में फैली यह परियोजना उत्तर भारत के सबसे प्रतिष्ठित मनोरंजन गंतव्यों में से एक रही है। भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा एनसीएलटी के हालिया आदेश से लंबे समय से चले आ रहे मामले में महत्वपूर्ण कानूनी स्पष्टता आई है। हम इसे केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और मूल्य सृजन के नए अवसर के रूप में देखते हैं।

भारत में लुलुलेमन का पहला स्टोर नई दिल्ली में खुलेगा

नई दिल्ली। लुलुलेमन ने भारत में अपने पहले स्टोर के पते की घोषणा आज की। यह नया स्टोर नई दिल्ली के डीएलएफ प्रोमेनेड में खुलेगा और टाटा क्लिक के साथ कंपनी के फ्रेंचाइज़ी समझौते के तहत इसी साल शरद ऋतु में बाद में शुरू होगा। इस स्टोर में मिलेंगे पुरुषों और महिलाओं के लिए हाई-परफॉर्मेंस प्रोडक्ट्स, जो योग, पिलेट्स, रनिंग, ट्रेनिंग, टेनिस, गोल्फ और रोज़मर्रा की गतिविधियों जैसी कई तरह की एक्टिविटीज़ में मददगार होंगे। यह स्टोर दिल्ली के फिटनेस लवर्स, एक्सपर्ट्स और ग्राहकों को एक साथ एक ही छत के नीचे लाने और उनके बीच दोस्ती व तालमेल बढ़ाने की बेहतरीन जगह बनेगा। स्टोर के शुरू होने के साथ-साथ टाटा क्लिक इस ब्रांड को अपने प्लेटफॉर्म टाटा क्लिक लग्जरी और टाटा क्लिक फैशन पर भी लॉन्च करेगा। लुलुलेमन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ईएमईए, सारा क्लार्क ने कहा भारत में लुलुलेमन को लाना हमारी टीमों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि हम दुनिया भर में अपने ब्रांड को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। इस ओपनिंग की तैयारी के लिए हम नई दिल्ली के कम्युनिटी के साथ संबंध मज़बूत करने के लिए टाटा क्लिक के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

डीएस ग्रुप ने पल्लू प्रोटेक्शन अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिज़नेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप डीएस ग्रुप ने कृषि कार्य के दौरान कीटनाशकों और रासायनिक पदार्थों के संपर्क से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों से महिला किसानों की सुरक्षा के लिए नई पहल शुरू की है। कंपनी ने बागपत जिले के पाली, कथा, बांडपुर, सुनहेरा, बसी, मावीकला और सांकरौध सहित सात गांवों में पल्लू प्रोटेक्शन इक्विपमेंट' जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य केवल महिला किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जागरूक करना ही नहीं, बल्कि उन्हें उनकी जरूरतों और स्थानीय जीवनशैली के अनुरूप एक व्यावहारिक सुरक्षा समाधान भी उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत जागरूकता, स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा उपायों को एक साथ जोड़ते हुए सुरक्षित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीएस ग्रुप ने इस अभियान के तहत पल्लू प्रोटेक्शन इक्विपमेंट पीपीई - फिल्टर पेश किया है। डीएस ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट मार्केटिंग राजीव जैन ने कहा महिला किसान भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में एक अहम भूमिका निभाती है, लेकिन खेती के दौरान उन्हें जिन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में जागरूकता अभी भी बहुत कम है।

ओडिशा के दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

तीन लग्जरी कारों से करोड़ों का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी कर एक ही दिन में तीन अलग-अलग कार्रवाई में 552 किलो गांजा जब्त किया है।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करों के दो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ तीन लग्जरी कार जब्त किया है। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबीरों से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से बड़ी मात्रा में तस्कर,छत्तीसगढ़ के जशपुर होते हुए दूसरे राज्यों की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मंगलवार की शाम को जिले के कुनकुरी, नारायणपुर, बगीचा और कांसाबेल में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। नाकाबंदी के दौरान शाम लगभग साढ़े 6 बजे कुनकुरी के जय स्तंभ के पास पुलिस के जवानों ने तपकरा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की इनोवा कार को रूकने का संकेत किया। लेकिन पुलिस को देख कर कार चालक नाकाबंदी तोड़ कर भाग निकला। कुनकुरी पुलिस की टीम ने कार का पीछा किया।

ब्राह्मण, अनुसूचित जाति और कुशवाह मतदाता बनेंगे जीत की कुंजी, उम्मीदवारों ने संभाला मैदान

समाजों के नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी

दतिया उपचुनावः जातीय समीकरण पर टिकी भाजपा-कांग्रेस की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़े इस चुनाव में विकास और संगठन के साथ-साथ जातीय समीकरण सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर बनकर उभरा है। राजनीतिक दलों का पूरा फोकस उन समाजों पर है, जिनकी संख्या अधिक है और जो चुनावी नतीजे प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इनमें सबसे प्रमुख ब्राह्मण, अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार) और काछी-कुशवाह समाज हैं।

दतिया विधानसभा क्षेत्र में अगले दो सप्ताह तक विभिन्न समाजों के प्रभावशाली नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बूथ स्तर तक पहुंचकर सामाजिक समीकरण साधने में जुटी हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी ने दामोदर यादव को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।

जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना लक्ष्य

भाजपा का दांव

भाजपा ने इस बार नया चेहरा आशुतोष तिवारी मैदान में उतारा है। पार्टी सभी प्रमुख समाजों के बीच संपर्क अभियान चला रही है। चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद संध्या राय, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, शैलेंद्र बरूआ, शैतान सिंह पाल, ऐंदल सिंह कंषाना, इमरती देवी समेत विभिन्न समाजों के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का लक्ष्य जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना है।

कांग्रेस की रणनीति

कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जो दतिया राजपरिवार से जुड़े होने के कारण क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं और पहले भी विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस 2023 विधानसभा चुनाव की सफलता को दोहराने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र भारती ने तत्कालीन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को 7,742 मतों से हराया था।

इसी आधार पर पार्टी स्थानीय समीकरणों और सामाजिक समर्थन को मजबूत करने में जुटी है। कांग्रेस ने ब्राह्मण, अनुसूचित जाति, कुशवाह, वैश्य, क्षत्रिय और मीणा समाज के वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में उतारा है।

विस चुनाव का इतिहास भी दिलचस्प

दतिया विधानसभा में 1952 से अब तक 16 विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस नौ बार जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं लगातार तीन बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम है। ऐसे में यह उपचुनाव न केवल दोनों दलों की राजनीतिक प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है, बल्कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक संदेश देने वाला चुनाव भी माना जा रहा है।

इन मतदाताओं पर सबकी नजर

दतिया विधानसभा में प्रमुख सामाजिक वर्गों के मतदाताओं का अनुमानित आंकड़ा इस प्रकार है

- अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार): लगभग 60 हजार
- ब्राह्मणः लगभग 35 हजार
- काछी-कुशवाहः लगभग 27 हजार
- क्षत्रिय, पाल और बघेल : लगभग 25 हजार
- यादव : लगभग 18 हजार
- वैश्य : लगभग 15 हजार

सभी वर्गों के मतदाताओं को साधने के लिए दोनों प्रमुख दलों ने अलग-अलग समाजों के प्रभावशाली नेताओं को क्षेत्र में सक्रिय किया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इसलाम उर्फ सोनू, पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी सी-22, गोकुलपुरी, दिल्ली-94** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 98/2018, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना गोकुलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसलाम उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसलाम उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 98/2018, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना गोकुलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसलाम उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 64, चौथा तल, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/9662/NE/2026

चिंतन

ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच यूके से एफटीए

वैश्विक व्यापार इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर आर्थिक दबाव की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होना आर्थिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि आज दुनिया में व्यापार केवल वस्तुओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कूटनीति, रणनीति और राष्ट्रीय हितों का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। अमेरिका की प्रस्तावित टैरिफ नीति का निशाना रूस की ऊर्जा आय को कम करना है, लेकिन इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिन्होंने अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। भारत आज रूस से सबसे अधिक कच्चा तेल खरीदने वाले देशों में शामिल है। सस्ते रूसी तेल ने भारत को महंगाई नियंत्रित रखने, ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद की है। ऐसे में यदि रूस से तेल खरीदने के आधार पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की कोशिश होती है, तो यह केवल व्यापारिक फैसला नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति होगी। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसी बीच भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। यह समझौता केवल टैरिफ घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन से आने वाली कारें, स्कॉच व्हिस्की, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और कई प्रीमियम उत्पाद अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। हालांकि, एफटीए का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, तकनीक और उत्पादकता के स्तर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। केवल आयात सस्ता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्यात बढ़ाना और घरेलू उद्योगों को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि मुक्त व्यापार का लाभ किसानों, एमएसएमई और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। कुल मिलाकर ट्रंप की टैरिफ चेतावनी और भारत-यूके एफटीए, दोनों यह साबित करते हैं कि आने वाले समय में वैश्विक व्यापार का स्वरूप केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी होगा। जहां टैरिफ व्यापार को सीमित करने और दबाव बनाने का माध्यम बन सकता है, वहीं मुक्त व्यापार समझौते विकास, निवेश और साझी समृद्धि के रास्ते खोलते हैं। भारत के लिए सही रास्ता यही है कि वह दबाव की राजनीति से अप्रभावित रहते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और एफटीए जैसे समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी आर्थिक ताकत को और मजबूत बनाए। यही संतुलित नीति भारत को बदलती विश्व व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावशाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।

नवाचार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान

> त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विश्व में उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंज मेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है।

भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने नए स्वरूप में आ गया है। बौद्धिक समाज का उत्पादन एवं उनसे राष्ट्र निर्माण की कोशिश भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। वैसे तो आणंद का नाम श्वेत क्रांति के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जहां त्रिभुवनदास पटेल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा और डॉ. वर्गीज़ कुरियन की दूरदर्शिता व आत्मविश्वास अपना नया आकार पाया। इस भूमि पर जिन मनीषियों ने कार्य किया उन्होंने सिद्ध किया कि यदि उत्पादक स्वयं अपने संगठन के स्वामी बन जाएं, तो आर्थिक स्वतंत्रता किसी स्वप्न से कम नहीं होती। उदाहरणतया अमूल की सफलता केवल दुग्ध उत्पादन की कहानी नहीं है, यह विश्वास, सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रबंधन की सफलगाथा है। इसी विरासत को नए युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का संकल्प है-त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, जिसे अमित शाह वर्षों से स्थापित करना चाहते थे। विश्व में यह विश्वविद्यालय उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंजमेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी केवल डिग्रीधारक नहीं लेकर निकालेंगे अपितु वे सहकारिता के नए राजदूत होंगे। वे गांवों में नई आशा की लौ जगाएंगे।

किसानों को बाजार से जोड़ेंगे। महिलाओं को आर्थिक शक्ति देंगे। युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाएंगे। समाज में साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करेंगे। उनका कार्य आर्थिक प्रगति और सामाजिक संवेदनाओं दोनों को निर्मित करेंगे। इस विश्वविद्यालय के विजन प्लान को सही से पढ़ा जाए तो ऐसा लगता है कि एनईपी-2020 के माध्यम से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध करने हेतु नहीं निर्धारित हुए हैं, अपितु वह व्यक्ति को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए भी है। उसके लिए ठीक-ठीक कार्य आईआईएम जैसे संस्थाओं से अधिक सहकारिता विश्वविद्यालय करेगा। यह उस क्षण का आरंभ है जब विद्यार्थी पुस्तकों से बाहर निकलकर जीवन की खुली पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं। वास्तव में वास्तविक विश्वविद्यालय वही है जो वास्तविक जीवन मूल्य परिवर्तन का माध्यम बने। नए जीवन की शुरुआत प्रथम दीक्षांत समारोह से जो शुरू करने जा रहे हैं वे रिश्क में नहीं हैं, अपितु वे सन्देश दे रहे हैं कि जीवन मूल्य भी अब सहकारिता से सुरक्षित होंगे। यह सहकारिता में नए आकाश में नई उड़ान है, चाहे कोई माने या न माने। यह उड़ान निःसंदेह सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के संकल्पों से संभव हो पा रही है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। हम सभी आज यह महसूस करने लगे हैं कि भारत की सहकारी व्यवस्था आज विश्व की सबसे बड़ी जन

आधारित आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक है। करोड़ों नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं। किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और ग्रामीण युवाओं के लिए सहकारिता केवल संस्था नहीं, बल्कि अवसर का द्वार है। लाभ और लोकहित के बीच संतुलन स्थापित कर नवाचार हेतु विकास का माध्यम सहकारिता बनने जा रही है। सहकारिता का प्राण उसके नैतिक मूल्यों में निहित है। विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक निर्णय, ये वे आधार हैं जिन पर सहकारिता का विशाल भवन खड़ा हुआ है। यदि इन मूल्यों के साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय दायित्वबोध लेकर ऐसे चरित्रवान नेतृत्व का निर्माण करने की कोशिश कर रहा है तो इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।

विशेष विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि यह विश्वविद्यालय सहकारिता के नए पक्षियों के कलरव से लोकमंगल का माध्यम बनने वाला है। जो 302 विद्यार्थी एवं 2 स्कॉलर को स्नातक एवं पीएचडी की उपाधि मिली है, यह तो एक शुरुआत है। केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर ने गुजरात के आणंद में 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा भी कि नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में स्थापित 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह यूनिवर्सिटी भविष्य के सहकारी नेतृत्वकर्ताओं, शोधकर्ताओं और पेशेवर प्रबंधकों को तैयार कर भारत के सहकारी आंदोलन को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी। यह बात शत-प्रतिशत सही भी है और उनके प्रयासों का एक तरह से अभिनंदन भी है। सहकारिता को नया बौद्धिक आधार ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना से जो मिलने लगा है, जिसने ज्ञान, शोध, नवाचार और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है तो ऐसे ऐतिहासिक पहल को स्वर्णाक्षरों में अंकित भी किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की जानी चाहिए। दरअसल, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय उस विश्वास का प्रतीक अब बनने जा रहा है, जो संगठित समाज की शक्ति व किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहल है। भारत इससे विश्व की सहकारिता को टक्कर देगा और देश को सशक्त बनाएगा, इसे नहीं भूलना चाहिए। महिला डिग्रीधारिकों की एक नई नवाचार की प्रयोगशाला होगी। महिलाएं सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेंगी, यह विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होने जा रहा है।

हम खुद विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ेंगे और सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनकर और भारतीय जनमानस को सशक्त बनाकर सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ विकास का नया मार्ग तैयार करेंगे। सहकारिता विश्वविद्यालय के संबंध में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में इसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा तो इसके बारे में जो भी कल्पनाएं लोग किए हों, लेकिन अब तो इस विश्वविद्यालय से सैकड़ों छात्र व शोधार्थी उपाधि प्राप्त करके भारत देश की सेवा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। अब जो अनमने ढंग से इस पहल की आलोचना करते रहे होंगे उनके लिए भी एक सीख है कि देश के लिए पहले अपने मन में इच्छा पैदा करो, उसे संजोकर उसकी संकल्पना को स्वरूप दो और फिर उसे स्थापित करके मिसाल के रूप में पेश करो। अमित शाह की प्रसन्नता की अनुभूति निःसंदेह असीमित होगी क्योंकि सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान की यह देशव्यापी हर्ष व उल्लास की बेला है।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफ़ेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

रक्षा प्रणाली
प्रमोद भार्गव

लंबी जंग की तैयारी के लिए सक्षम होता भारत

ऑपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहकार परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपये हैं। यह राशि कई वर्षों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए हैं। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता है तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा। स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है।

ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण

संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। - *सुभाष यादव, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

ट्रेड एग्रीमेंट

आज से भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। उम्मीद है कि यह अहम समझौता 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को $100 बिलियन तक पहुंचाएगा।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

अंतरिक्ष उड़ान

भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखा है। यह मिशन नई रिसर्च, टेक्नोलॉजी में इनोवेशन और अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलेगा।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

पारदर्शी परीक्षा प्रणाली

पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हर छात्र का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में छात्रों के इस अधिकार के लिए लड़ रही है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां व्यापम, पटवारी भर्ती, कॉन्स्टेबल भर्ती और नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटाले हुए हैं।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

दर्शकों का अपमान

फिल्मों पर सेंसरशिप असल में दर्शकों का अपमान है। स्मार्टफोन और बेहिसाब जानकारी तक पहुंच के इस दौर में, यह सोचना कि सरकार की बनाई कमेटी किसी सच्चाई के बारे में फिल्ममेकर के नज़रिए से बालिग़ लोगों को बचा सकती है, ये सिर्फ़ पुरानी सोच है, बल्कि बेवकूफ़ी भी है।
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

ग्रेट बैरियर रीफ के लिए खतरा बना है जल प्रदूषण

जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रवाल विरंजन (कोरल ब्लीचिंग) को आमतौर पर ग्रेट बैरियर रीफ के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है, लेकिन दुनिया की इस सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली के सामने खराब जल गुणवत्ता भी एक गंभीर चुनौती है। खेती, शहरों और वन क्षेत्रों से बहकर नदियों में पहुंचने वाली मिट्टी (तलछट) समुद्र में दूर तक पहुंच जाती है। इसकी अधिक मात्रा प्रवाल भित्तियों और समुद्री घास (सीग्रास) के मैदानों को ढक सकती है, जबकि उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष स्थिति को और खराब कर देते हैं। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन जल गुणवत्ता ऐसा मुद्दा है जिस पर ऑस्ट्रेलिया सीधे कार्रवाई कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल के वर्षों में बार-बार इस पर चिंता जताई है। वर्ष 2023 के बाद जारी चौथे मसौदा निर्णय में भी जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ खराब जल गुणवत्ता को प्रमुख खतरा बताया गया है। मसौदे में 2024-25 में प्रवाल विरंजन, खराब जल गुणवत्ता, मछली पकड़ने के ऐसे गैर टिकाऊ तरीके और तटीय भूमि के अनुचित उपयोग से हुए नुकसान पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है।

ऑफ बीट

खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

राजस्थान विधान सभा के स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'विधान गौरव यात्रा' में बोले

लोकतंत्र केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, जनविश्वास और सेवा-भावना से सशक्त होता है : बिरला

- भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन' में लोक सभा अध्यक्ष ने संबोधन दिया
- सशक्त और सार्थक बहस लोकतंत्र की पहचान है; सदन की गरिमा और मर्यादा हर परिस्थिति में बनाए रखना आवश्यक है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि विधानमंडल केवल कानून बनाने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र की ऐसी 'पाठशालाएं' हैं जहां जनप्रतिनिधि संवाद, अनुशासन, सहमति और सेवा के मूल्यों का संस्कार प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति अपने दायित्वों का पूर्णतः बोध होना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, बल्कि जनविश्वास, संवाद, गरिमा और सेवा-भावना से सुदृढ़ होता है। बिरला राजस्थान विधान सभा के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'विधान गौरव यात्रा : भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राजस्थान विधान सभा को अपने सार्वजनिक जीवन की 'प्रथम पाठशाला' बताते हुए बिरला ने कहा कि इसी सदन में अर्जित लोकतांत्रिक मूल्य, संसदीय परंपराएं और विधायी आचरण ने उन्हें छात्र नेता से विधायक, सांसद और अंततः लोक सभा अध्यक्ष बनने की यात्रा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा में उन्होंने संसदीय लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप समझा कि सुनने की संस्कृति और स्वस्थ बहस लोकतंत्र को समृद्ध बनाती है तथा इतिहास का निर्माण करती है, जबकि व्यक्तिगत मतभेद लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली प्रत्येक बहस और प्रत्येक शब्द लोकतांत्रिक इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाता है। युवा जनप्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देते हुए बिरला ने उन्हें निरंतर अध्ययन, ध्यानपूर्वक सुनने तथा सदन की कार्यवाही में सार्थक सहभागिता की आदत विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता पद नहीं, बल्कि आचरण को याद रखती है तथा अध्ययनशील और विषय का गहन ज्ञान रखने वाला जनप्रतिनिधि ही जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व कर सकता है। उन्होंने सदस्यों को सलाह दी कि वे भाषणबाजी के स्थान पर तथ्य, तर्क और रचनात्मक बहस को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में विश्वसनीयता, ईमानदारी और समाज के साथ सतत संवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति का अंतिम उद्देश्य जनसेवा और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए।

राजस्थान विधान सभा की लोकतांत्रिक यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए बिरला ने कहा कि राज्य की लोकतांत्रिक चेतना केवल विधान सभा के इतिहास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की प्राचीन संवाद, विचार-विमर्श और सहभागी शासन व्यवस्था की परंपराओं में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा कि सभा और समिति की परंपरा, स्थानीय स्वशासन तथा जनभागीदारी राजस्थान के सामाजिक और राजनीतिक जीवन का अभिन्न अंग रही है, जिसे पंचायतों और प्रतिनिधिक संस्थाओं ने निरंतर सशक्त बनाया है। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली उपस्थित थे। कार्यक्रम में अनेक सांसद, पूर्व सांसद, राजस्थान सरकार के मंत्री, वर्तमान एवं पूर्व विधायक तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव में सहभागिता

शिवराज ने कृषि क्षेत्र को स्टार्टअप, स्किलिंग और एग्रीटेक से ताकत देने की अपील की

महिला किसान, स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण उद्यमिता पर चौहान का खास जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित 'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव 2026' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएसआर को भारतीय परंपरा की ट्रस्टीशिप भावना से जोडा। उन्होंने कहा कि देश हमें सब कुछ देता है, इसलिए कॉर्पोरेट जगत अपनी कमाई का हिस्सा किसानों, कृषि अनुसंधान और ग्रामीण समाज के हित में समर्पित कर देश के विकास में साझेदार बने। चौहान ने जोर देकर कहा कि रिसर्च लैब में कैद न रहे, बल्कि 'विज्ञान से किसान तक' का पुल बने, ताकि जलवायु अनुकूल खेती, मृदा स्वास्थ्य, पोषण-सुरक्षित भोजन, कृषि कौशल विकास और महिला किसानों की उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में सीएसआर निवेश से वास्तविक जमीन स्तर पर बदलाव दिखे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कॉन्क्लेव के दौरान रखे गए पांच थीम्स की चर्चा करते हुए कहा कि

कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना, मृदा स्वास्थ्य बचाना, किसानों की आय और स्वास्थ्य दोनों को सुरक्षित करना और पोषण–समृद्ध, ऋतु–अनुकूल भोजन की संस्कृति को बढ़ाना, आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन घटने, बिना परीक्षण के उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से हो रही क्षति पर चिंता जताई और कहा कि मिट्टी बचेगी तो भूस भी बचेगा, इसलिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसे प्रयासों को सीएसआर के माध्यम से और मजबूत किया जा सकता है। चौहान ने कहा कि यह कॉन्क्लेव एक ऐसा समागम है जिसमें कॉर्पोरेट जगत, मंत्री, वैज्ञानिक, अधिकारी और किसान सभी एक ही मंच पर जुड़े हैं, जैसे कृषि के लिए एक कम्पलीट वैल्यू चेन बन गई हो। उन्होंने महात्मा गांधी का हवाला देते हुए कहा कि जिनके पास अधिक धन है, वे उसके मालिक नहीं, बल्कि ट्रस्टी हैं और वह धन मूलतः समाज का धन है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए–नए रिसर्च लैब में ही न रह जाएं, बल्कि सीधे किसान के खेत तक पहुंचें। उन्होंने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत वैज्ञानिकों को किसान के बीच जाकर नई कृषि पद्धतियों, नई किस्मों और अनुसंधान की जानकारी देने का लक्ष्य रखा गया। उनका स्पष्ट कहना रहा कि 'विज्ञान से किसान तक' की यात्रा तेज करनी होगी और इसमें कॉर्पोरेट जगत का सहयोग निर्णायक हो सकता है। जूट क्षेत्र के उदाहरण देते हुए चौहान ने बताया कि पहले रेशा निकालने के लिए 25 दिन तक पानी में भिगोकर रखना पड़ता था, जिससे पानी की कमी और खराब क्वालिटी की समस्या आती है, जबकि टेक्नोलॉजी के उपयोग से अब ऐसी मशीनें विकसित हुई हैं जो कम समय में बेहतर रेशा निकालने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मशीनों का जल्दी से जल्दी कमर्शियलाइजेशन हो, ताकि किसान तक यह तकनीक पहुंचे, यह काम अकेला सरकारी सेक्टर नहीं कर सकता, इसमें प्राइवेट सेक्टर की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

पीएसी बैठक में बोले वेणुगोपाल

सड़क सुरक्षा, टोल निर्माण गुणवत्ता पर मंथन, कमियों को दूर करने का भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक में बुधवार को देश में सड़क सुरक्षा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क, विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज), लेवी और सड़क निर्माण की गुणवत्ता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद लोक लेखा समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ हुई बैठक सकारात्मक और सार्थक रही।

वेणुगोपाल ने कहा कि समिति ने पहले संसद में अपनी रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों की डिजाइन, निर्माण गुणवत्ता और परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी कई कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया था। उन्होंने कहा कि समिति ने सड़क सुरक्षा के साथ-साथ टोल व्यवस्था और उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ से जुड़े मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया था। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ इन सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उनके अनुसार, एनएचएआई ने समिति द्वारा उठाई गई कई प्रमुख चिंताओं पर कार्रवाई की है और अनेक महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने के लिए कदम उठाए गए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि यह संतोष का विषय है कि संसद की लोक लेखा समिति की सिफारिशों को गंभीरता से लिया गया और राष्ट्रीय राजमार्गों के डिजाइन, निर्माण गुणवत्ता तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर सुधार की दिशा में ठोस पहल की गई है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी एनएचएआई और सड़क परिवहन मंत्रालय संसद की समिति के सुझावों को लागू करते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता को और बेहतर बनाएंगे। साथ ही टोल और अन्य यूजर चार्ज से जुड़े मामलों में भी आम लोगों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोक लेखा समिति समय-समय पर विभिन्न सरकारी विभागों और सार्वजनिक परियोजनाओं की वित्तीय जवाबदेही, कार्यप्रणाली और प्रदर्शन की समीक्षा करती है तथा अपनी रिपोर्ट के माध्यम से सुधारात्मक सुझाव देती है। इस बैठक में सार्वजनिक अवसंरचना पर लगाए जाने वाले शुल्क और उपयोगकर्ता शुल्क से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

सुप्रिया सुले ने कहा

'परिसीमन बिल' पर पवार गुट केंद्र सरकार के साथ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही है। मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट आई हैं कि



शरद पवार की पार्टी (राकंपा) के कई विधायक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। इन सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह शर्त रखी कि केंद्र सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान करे। सुले का यह ऐलान इसलिए अहम हैं क्योंकि एसपी ने बजट सत्र में परिसीमन प्रक्रिया से जुड़े केंद्र के संविधान संशोधन बिल के खिलाफ वोट किया था। अब पवार की पार्टी के अंदर दल की राजनीतिक दिशा को लेकर चर्चा है। कुछ दिनों में एसपी के नेताओं की भाजपा के सीनियर नेताओं संग कई बैठकें भी हो चुकी हैं।

ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम ने जारी किए ताजा आंकड़े

ऑटो सेक्टर में बंपर उछाल, जून में 24 प्रतिशत बढ़ी पैसेंजर कारों की बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए जून 2026 का महीना बेहद शानदार रहा है। देश में जून 2026 के दौरान पैसेंजर व्हीकल, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर की बिक्री में जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरी इंडस्ट्री की रफ्तार को नई ताकत मिली है।

सियाम के अनुसार, जून 2026 में कंपनियों ने डीलरों को 3,88,144 पैसेंजर व्हीकल भेजे। पिछले साल जून में यह संख्या 3,12,851 थी। यानी इस बार पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में सालाना आधार पर 24.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे साफ है कि कारों की मांग में अच्छी तेजी बनी हुई है।

घरेलू बाजार में वाहनों की मांग मजबूत बनी हुई है

विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है

भारतीय कारों की मांग में अच्छी तेजी देखी गई

थ्री-व्हीलर और ई-रिक्शा की रफ्तार भी तेज

कमर्शियल और पैसेंजर थ्री-व्हीलर मार्केट में भी ग्राहकों ने खूब दिलचस्पी दिखाई है। जून 2026 में थ्री-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। इसकी बिक्री 26.1 फीसदी बढ़कर 77,951 यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 61,828 यूनिट था। इस दौरान पैसेंजर थ्री-व्हीलर की बिक्री 25 फीसदी बढ़कर 64,181 यूनिट पहुंच गई। वहीं सामान ढोने वाले थ्री-व्हीलर की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़कर 11,828 यूनिट रही। ई-रिक्शा की बिक्री में भी 52.4 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की गई और इसकी बिक्री 1,590 यूनिट तक पहुंच गई।

विदेशों में भी बढ़ी भारतीय गाड़ियों की डिमांड

घरेलू बाजार के साथ-साथ भारत से वाहनों का एक्सपोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। जून 2026 में कुल वाहन एक्सपोर्ट 34 फीसदी बढ़कर 6,73,105 यूनिट रहा। टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 40.2 फीसदी बढ़कर 5,43,684 यूनिट पहुंच गया। थ्री-व्हीलर एक्सपोर्ट में 39.7 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई और यह 51,950 यूनिट रहा। वहीं पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्ट लगभग स्थिर रहा और इसकी संख्या 76,601 यूनिट दर्ज की गई।

एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा

पैसेंजर व्हीकल में सबसे ज्यादा मांग यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी की रही। जून में एसयूवी की बिक्री 19.9 फीसदी बढ़कर 2,17,228 यूनिट पहुंच गई। वहीं पैसेंजर कार की बिक्री 15.7 फीसदी बढ़कर 98,610 यूनिट रही। वैन की बिक्री भी 9.5 फीसदी बढ़कर 10,230 यूनिट तक पहुंच गई।

टू-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी

त्योहारी सीजन से पहले टू-व्हीलर बाजार में भी तगड़ी रौनक लौट आई है। जून 2026 में टू-व्हीलर की बिक्री भी मजबूत रही। इस दौरान कंपनियों ने 18,51,400 टू व्हीलर डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 15,61,283 थी। यानी टू-व्हीलर की बिक्री में 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा तेजी स्कूटर की बिक्री में देखने को मिली। जून में स्कूटर की बिक्री 39.1 फीसदी बढ़कर 7,44,823 यूनिट पहुंच गई। वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री 6.4 फीसदी बढ़कर 10,56,422 यूनिट रही। मोपेड की बिक्री में भी 50.4 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई और यह 50,155 यूनिट तक पहुंच गई।

अब एआई की तरफ बढ़ रहे विप्रो के ग्राहक : प्रेमजी

- मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे एआई को
- आईटी क्षेत्र में अभ भी सतर्कता का माहौल है

नई दिल्ली (एजेंसी)। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने बुधवार को कहा कि अब ग्राहक कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रारंभिक परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित रखने की जगह अपनी मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अब भी सतर्कता का माहौल है और कंपनियां लागत को कम करने एवं दक्षता बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही हैं।प्रेमजी ने विप्रो की 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष में एआई और आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा तेज रही, लेकिन कंपनियां सतर्क बनी रहीं और दक्षता, एकीकरण एवं लागत नियंत्रण को प्राथमिकता दी। एआई हमारे समय के सबसे बुनियादी बदलावों में से एक है। इससे जहां कार्यकुशलता बढ़ रही है, वहीं नवाचार, रूपांतरण एवं वृद्धि के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। साथ ही आंकड़ों, आधुनिकीकरण और एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवाओं की मांग भी तेज हो रही है।अब ध्यान प्रयोग से आगे बढ़कर वास्तविक क्रियान्वयन पर आ गया है।

रुपया 16 पैसे टूटकर 96.32 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 96.32 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर के कमजोर होने से रुपये में गिरावट सीमित रही।

NOTICE

I, Amit S/o Lt. Suresh Chander Sati R/o D-295, Ganga Vihar, Gokulpuri, Delhi-110094 declare that I loss of my original High School Certificate issued by the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh. Name: Amit Father Name: Suresh Chandra Sati Roll Number: 1646189 Date of Birth: 29/11/1988 Serial Number: A1492972 School Name: SDS HSS Devnagar Alipurjeeta Kaushambi Uttar Pradesh Examination Year: 2005 I have searched for the document thoroughly but have been unable to locate it. I believe that it has been lost/misplaced. The Certificate is required for official purposes, and I intend to apply for a duplicate copy from the concerned education board.

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	07260309	लोवर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट, मेमू	200 नग	05.08.2026
02	07260365A	सेट ऑफ टी पी यू रिंग	576 सेट	12.08.2026
03	02261802	वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी 1100 ए. एच	107 सेट	17.08.2026
04	07261583	203 एम एम एयर ब्रेक सिलिंडर विथ स्लैक	1783 नग	10.09.2026

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 27/2026-2027 दिनांक 15.07.2026 2441/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील कुमार पुत्र ठाकुर निवासी डी–52/4, स्वामी श्रद्धानंद मार्ग, मंगल बाजार रोड, भलस्वा डेयरी, भलस्वा, दिल्ली** ने **FIR No. 1130/2024 U/S 27/61/85 NDPS Act, अन्तर्गत थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 1130/2024 U/S 27/61/85 NDPS Act, अन्तर्गत थाना करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री निशात बंगढ़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी –01
कमरा नंबर 180, केंद्रीय जिला
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/8247/CD/2026(Court Matter)

ग्राहकों को झटका: अब डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई ही चलेगा

क्रेडिट कार्ड से एलआईसी प्रीमियम पेमेंट बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ऐसे ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है, जो अपने इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट ऑनलाइन तरीकों से क्रेडिट कार्ड से करते रहे हैं। एलआईसी की वेबसाइट पर कस्टमर पोर्टल के जरिए भी बीमा की किस्त का भुगतान होता है, लेकिन वहां अब सिर्फ नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और यूपीआई से पेमेंट का विकल्प बचा है। बीमाधारक पहले इन तीन विकल्पों के अलावा क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे। ऑनलाइन के अलावा एलआईसी एजेंट के द्वारा या एलआईसी के ब्रांच में प्रीमियम का पेमेंट जमा हो सकता है। देश में बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट के लिए लोग क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। क्रेडिट कार्ड से पेमेंट लेना बंद करने से एलआईसी के ग्राहक बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं।

एलआईसी बिल डेस्क की सेवा ले रही थी

एलआईसी के एक एजेंट ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्रेडिट कार्ड को पेमेंट के ऑप्शन से हटाने के पीछे पेमेंट गेटवे कंपनी द्वारा इस सेवा के बदले लिया जा रहा शुल्क वजह है। एलआईसी की साइट पर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क की सेवा थी, जिसके जरिए प्रीमियम भुगतान कंपनी तक पहुंचता था।

सेवा शुल्क को लेकर हुआ कोई विवाद : इस सेवा के बदले बिल डेस्क कंपनी से कुछ चार्ज लेती थी, जिसको लेकर संभवतः कोई विवाद पैदा हुआ है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान के बदले एक सुविधा शुल्क लगता है, लेकिन उसका वहन एलआईसी ही करती है। डेबिट कार्ड, यूपीआई और नेटबैंकिंग से प्रीमियम पेमेंट पर कोई चार्ज नहीं लगता है।

सोना स्थिर, चांदी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।

- चांदी 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि स्थानीय मांग कमजोर होने के कारण चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले दिन के 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर ही बनी रही। हालांकि, चांदी की कीमत 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को यह 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बैंक शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 130 अंक मजबूत

- अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहा

मुंबई (एजेंसी)। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बैंक शेयरों में बढ़त और अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहने के साथ बीएसई सेंसेक्स 130 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 26 अंक की तेजी रही। अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद के मुकाबले अधिक नरम रहने से ऐसी संभावना है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति के मामले में कम आक्रामक रुख अपनाएगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 130.49 अंक चढ़कर 77,185.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 591.33 अंक के लाभ के साथ 77,646.27 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 26.45 अंक बढ़कर 24,078.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच मझोली और छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों ने बड़ी कंपनियों के शेयरों से बेहतर प्रदर्शन किया।''

राजीव कुमार की नियुक्ति को आरबीआई से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को कहा कि आरबीआई ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को तीन साल के लिए बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुमार की नियुक्ति 15 जुलाई, 2026 से प्रभावी होगी। मौजूदा अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री बैंक के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में बने रहेंगे। कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और वित्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने 2017-2020 के दौरान वित्तीय सेवा विभाग का सचिव रहते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	साइमलटेनियस थर्मल एनालाइजर (डीएससी/टीजीए) की खरीद, रोहतक।	16.07.2026 06.08.2026	रु. 78.00 लाख	www.mdu.ac.in	9050236716 dr.cil@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47211/I/88/7 दि. 15.07.26

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल)	पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हांसी, हरियाणा के नागरिक हस्पताल में सिटी और एमआरआई स्कैन सेवाओं के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर्स के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह।	15.07.2026 05.08.2026	रु.12,00,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47212/I/88/7 दि. 15.07.26

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा पेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था। इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है। यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है। अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी

दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन कार्य से प्रभावित रहेगा रेल यातायात

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन कार्य के अंतर्गत प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर ब्लॉक लिया जा रहा है इसके कारण ले लिया तैयार प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। गाड़ी संख्या 19701/ 19702, जयपुर -दिल्ली कैंट -जयपुर रेलसेवा जो दिनांक 16 जुलाई 2026 से 13 अक्टूबर 2026 तक जयपुर से प्रस्थान करेगी वह रेल सेवा दिल्ली कैंट के स्थान पर शकूरबस्ती से/ तक संचालित होगी। वहीं कुछ रेलसेवाएं जो दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेंगी, जैसे गाड़ी संख्या 09609, उदयपुर सिटी - योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 15 जुलाई 2026 से 13 अक्टूबर 2026 तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 04829, जोधपुर - गोरखपुर स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 17 जुलाई से 13 अक्टूबर तक जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 15623, भगत की कोठी-कामाख्या रेलसेवा जो दिनांक 15 जुलाई 2026 से 13 अक्टूबर 2026 तक भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com

क्र./960 / न.पा./ लो.नि.वि. / 2026-27 — ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना — आरंग, दिनांक 15.07.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाख में)	आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	195530	वार्ड क्र. 01 से 09 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026)	18.00	05.08.2026
2	195531	वार्ड क्र. 10 से 17 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026)	18.00	05.08.2026
3	195534	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Arang under SBM 2.0 (2nd Call)	573.48	31.07.2026

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

शब्द पहेली - 6288



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

ऊपर से नीचे
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

शब्द पहेली- 6287 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	गा	■	ह	य
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	स्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	या	र	■	र	च	ना
स	दा	■	च	क्षु	■	न	भ	■	य	ल



स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोका

16 साल बाद फाइनल में स्पेन एम्बाप्पे की स्टार ब्रिगेड फेल

सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को दी शिकस्त, रविवार को होगा फाइनल



एजेंसी ▶▶| अर्लिंगटन

स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के आगे किलियन एम्बाप्पे की अगुआई वाली फ्रांस की स्टार आक्रमण पंक्ति पूरी तरह बेअसर साबित हुई और 2010 की विश्व चैंपियन स्पेन ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। स्पेन ने सेमीफाइनल में मिकेल ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल के दम पर फ्रांस को 2-0 से शिकस्त दी।

इसके साथ ही स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोकते हुए अपनी शानदार रक्षात्मक क्षमता का एक और नमूना पेश किया। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेला जाएगा।

फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए : यामाल

मैच से पहले युवा स्टार लामिन यामाल ने कहा था कि फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए और मैदान पर उनका यह दावा सही साबित हुआ। फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज फ्रांस की अगुवाई विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोररों में शामिल एम्बाप्पे कर रहे थे, जिन्होंने सेमीफाइनल से पहले विश्व कप के 20 मुकाबलों में 20 गोल किए थे। उनके साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले और इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल में मदद करने वाले माइकल ओलीसे भी थे, लेकिन यह तिकड़ी स्पेन की रक्षा पंक्ति के आगे प्रभावहीन रही।

ओयारजाबाल ने पेनाल्टी को गोल में बदला

स्पेन को 22वें मिनट में बढ़त मिली, जब यामाल के शानदार मूव पर फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिन्ये ने फाउल कर दिया। इस पेनाल्टी को ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में पोरो ने दानी ओल्मो के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अपने 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद खेल रहे यामाल ने बाद में एक गोल भी किया, लेकिन करीबी ऑफसाइड के कारण उसे नकार दिया गया। टीम को हालांकि शुरुआती बढ़त दिलाने में उनकी सूझबूझ भरी खेल शैली निर्णायक साबित हुई।

14 टीमों के साथ नए प्रारूप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी। 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'

स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा

आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेंगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

खबर संक्षेप

असम में देर रात तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट

गुवाहाटी। असम सरकार ने घोषणा की कि विश्व कप फुटबॉल के मैचों के दिन राज्य की राजधानी में रेस्टोरेंट (रेस्तरां) को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुटबॉल लोगों को जोड़ता है और राज्य सरकार चाहती है कि खेल प्रेमी बिना किसी असुविधा के सेमीफाइनल और फाइनल का आनंद लें।

मर्सिडीज एफवन : अतिका ने हासिल की पोल पोजीशन

विटेरबो। भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने मर्सिडीज एफवन के दो जूनियर ड्राइवरों को पछाड़कर चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम के तीसरे दौर में पोल पोजीशन हासिल की। अतिका ने भीषण गर्मी के बीच यह प्रदर्शन किया। उन्हें इस सर्किट पर खेलने का खास अनुभव नहीं था लेकिन उन्होंने इसे यादगार बना दिया। इस भारतीय ड्राइवर ने इटली के निकोलो पेरिको और जर्मनी के डेविन टिट्ज जैसे स्थापित मर्सिडीज एफवन जूनियर ड्राइवरों को हराकर पोल पोजीशन हासिल की। उन्होंने प्रतियोगिता का एक रिकॉर्ड भी बनाया।

पहली बार पुरुष और महिला हॉकी विश्व कप एकसाथ

बेंगलुरु। बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच विश्व कप में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है लिहाजा भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चल रहे राष्ट्रीय शिविर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त के बीच टूर्नामेंट खेला जाएगा और पहली बार महिला और पुरुष विश्व कप एक साथ, एक जगह पर होगा। भारतीय पुरुष टीम ने एफआईएच प्रो लीग के नीदरलैंड और लंदन चरण में अच्छा प्रदर्शन किया।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

बदला दूसरे वनडे का समय, शाम 5.30 बजे होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

अक्षर ने मारी लंबी छलांग, टॉप टेन में शामिल

दुबई। भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन से आईसीसी वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। अक्षर में इस मैच में चार विकेट लेने के अलावा नाबाद 57 रन भी बनाए, जिससे वह आईसीसी रैंकिंग की नवीनतम सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता था। अक्षर की बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 18 पायदान ऊपर 73वें जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गिल की रेटिंग में बढ़ोतरी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 'रिटायर्ड हर्ट' होने से पहले 80 रन की शानदार पारी खेली। इससे उनकी रेटिंग में 12 अंकों की बढ़ोतरी हुई है और अब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज डैरिल मिचेल से केवल 11 अंक पीछे हैं। जसप्रीत बुमराह ने वापसी पर एक विकेट लिया, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इससे वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 24 पायदान (177वां स्थान) और ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान (55वां स्थान) आगे बढ़ने में सफल रहे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट 76 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गए।

जूनियर हॉकी टीम को मिली ब्रिटेन में मिश्रित सफलता

नई दिल्ली। इस साल चीन में होने वाले अंडर-21 एशिया कप के लिए तैयारी कर रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ब्रिटेन के अपने दौरे में मिश्रित सफलता हासिल की तथा जहां उसने तीन मैच जीते वहीं चार मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। जूनियर एशिया कप चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में खेला जाएगा। ब्रिटेन दौरे में भारतीय टीम ने स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम, अमेरिका की अंडर-21, इंग्लैंड की अंडर-21 और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफ कुल सात मैच खेले।

जापान ओपन : भारत की चुनौती समाप्त आयुष, उन्नति, लक्ष्य हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| टोकियो

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में संघर्षपूर्ण मुकाबलों में हार गए जबकि लक्ष्य सेन को सीधे गेम में पराजय मिली।

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता आयुष को दूसरी वरीयता प्राप्त पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न ने 21-19, 23-25, 21-15 से हराया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज उन्नति को चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन ने 16-21, 21-16, 21-15 से मात दी। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य को स्थानीय खिलाड़ी कोकी वातानाबे ने 38 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया।

भारत के तीनों खिलाड़ी पहले दौर की बाधा भी पार नहीं कर सके, जो अगले महीने दिल्ली में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले अच्छा संकेत नहीं है। भारत 17 साल बाद इसकी मेजबानी कर रहा है।

अब भारत की उम्मीदें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित टीम पर टिकी हैं। सिंधू का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा जबकि ध्रुव और तनीषा शीर्ष वरीयता प्राप्त फेंग यान झि और हुआंग डोंग पिंग से खेलेंगे।

झज्जर के पहलवान अमन ने जीता गोल्ड

हिसार के विशाल और दीपक को मिले कांस्य पदक, हंगरी में छाए हरियाणा के पहलवान

रोहतक (हरिभूमि न्यूज़)। हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित रैंकिंग कुश्ती सीरीज' में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। झज्जर के स्टार पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस पूरे टूर्नामेंट में अमन का प्रदर्शन बेहद आक्रामक और एकतरफा रहा, जहां उन्होंने 4 मुकाबलों में शानदार खेल दिखाते हुए कुल 44 पॉइंट हासिल किए और विपक्षी खिलाड़ियों को केवल 6 पॉइंट ही लेने दिए। अमन ने अपने दमदार खेल के दम पर 3 मुकाबलों में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एकतरफा जीत दर्ज की।

दीपक ने नुरद्दीन को हराया

दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफ में अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। वहीं 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कुमार मोहित कजाखस्तान के नाचिन कुलर से हारकर बाहर हो गए।

विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान को दी पटखनी

हिसार के पहलवान विशाल कालीरामन ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में देश की झोली में कांस्य पदक डाला। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए मुकाबले में विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान दास्तानबेक को चारों खाने चित कर दिया। विशाल ने पूरे मुकाबले में मजबूत पकड़ बनाए रखी और प्रतिद्वंद्वी को 8-2 के बड़े अंतर से मात देकर पोडियम पर अपना स्थान पक्का किया। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारतीय पहलवानों के इस शानदार प्रदर्शन से देश के खेल जगत और प्रशंसकों में भारी उत्साह का माहौल है।

जकार्ता में छाए मुक्केबाज निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की बॉक्सर को हरा जीता गोल्ड

एशियन अंडर-19 और 23 चैंपियनशिप में जीते 17 पदक, इनमें 11 हरियाणा की बेटियों ने कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित एशियन अंडर-19 और अंडर-23 महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीते। इनमें 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसमें 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। बुधवार को खेले गए अंडर-23 श्रेणी के फाइनल में निशा ने गोल्ड जीता, जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसमें रोहतक की 75 में मुस्कान ने रजत व 80 में नैना ने कांस्य पदक जीता। 65 में काजल ने रजत और 51 में तनु ने कांस्य पदक जीता है। ये दोनों खिलाड़ी रोहतक साई में अभ्यास करती है। अंडर-23 आयु वर्ग के 54 किलोग्राम वर्ग में निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की कोइन कोकुफु को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया। 60 किलोग्राम में निकिता चंद को उज्बेकिस्तान की मुशतरिवोनु इब्रोखिमजोन से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। 65 किग्रा में काजल को उज्बेकिस्तान की सेविंच ख्रामोवा के खिलाफ 5-0 से व 75 किग्रा वर्ग में मुस्कान को कजाकिस्तान की सुगला नाइबाए के खिलाफ 5-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे दोनों को रजत पदक मिला। हैवीवेट श्रेणी (80+ किग्रा) के रोमांचक मुकाबले में प्रियंका ने बेहतरीन जज्बा दिखाया, लेकिन वह उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाखोबिदिनोवा से 4-1 से मुकाबला हार गईं और उन्हें रजत पदक मिला। इसके अलावा भारत की तनु (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) ने सेमीफाइनल तक का सफर तय कर देश के लिए चार कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक हासिल किए।

अंडर-19 में भी छाई म्हारी लाडलियां

इससे पहले एशियन अंडर-19 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी भारतीय बेटियों ने रिंग में उतरकर अपना दबदबा कायम किया और 10 में से 8 पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत की दो जांबाज मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया, जिनमें 51 किलोग्राम भार वर्ग में चंद्रिका भोरेशी पुजारी और 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची शामिल रहीं। इनके अलावा गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी चिरोम (54 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), अंशिका (75 किग्रा), मेघा श्योकंद (80 किग्रा) और प्राची टोकस (+80 किग्रा) ने फाइनल तक का सफर तय कर रजत पदक जीते।

हरियाणा की धरती बॉक्सिंग की नर्सरी बनी : मेजर सिंधु

हरियाणा की बेटियों के इस दमदार प्रदर्शन पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने हर्ष और गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं और उनके कोचों को बधाई देते हुए कहा कि इन बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा, जकार्ता में देश को मिले 17 पदकों में से 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा की धरती आज भी देश के लिए खेल और बॉक्सिंग की सबसे मजबूत नर्सरी बनी हुई है। कोच नवीन खोखर और कोच सुधीर हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

14 से 15 जुलाई तक पूर्वी कमांड के दौरे पर रहे जनरल धीरज सेठ

सेनाप्रमुख ने चीन से लगी पूर्वी कमांड की सैन्य तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ इन दिनों देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सैन्य कमांड की यात्रा कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य वहां पर बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात और सैन्यकर्मियों के सामने आने विभिन्न मामलों, चुनौतियों से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होना है। पूर्व में उन्होंने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी हुई सेना की उत्तरी कमांड का दौरा किया था। तो अब उन्होंने चीन से लगी हुई पूर्वी कमांड पर सुरक्षा स्थिति की व्यापक रूप से समीक्षा की है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में उन्होंने इलाके में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के मकसद से चलाए जा रहे सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रमों के बारे में भी जरूरी जानकारी हासिल की। सेना ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जनरल धीरज सेठ 14 से 15 जुलाई तक पूर्वी कमांड के दौरे पर रहेंगे।

इन इलाकों में गए सेनाप्रमुख

जनरल सेठ ने अपनी इस यात्रा की शुरुआत बीते 14 जुलाई को त्रिशक्ति कोर के दौरे से की थी। जहां उन्हें मुख्य रूप से पूर्वी कमांड की रणनीतिक परिचालन स्थिति से अवगत कराया गया था। कोर के मुख्य अधिकारी जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) ने सेनाप्रमुख को परिचालन तैनाती, निगरानी तंत्र और वर्तमान में बने हुए सुरक्षा परिदृश्य से अवगत कराया था। सेनाप्रमुख ने कमांड में प्रौद्योगिकी के समावेशन, सैन्य क्षमताओं के विकास और सैन्यबलों के आधुनिकीकरण से जुड़े हुए पहलुओं की भी इस दौरान समीक्षा की। यात्रा के अगले दिन यानी 15 जुलाई सेनाप्रमुख बेंगडुबी सैन्य स्टेशन गए। जहां उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं को जांचा परखा। जिसमें सैन्य रसद का मामला भी शामिल है। इसके बाद वह स्पीयर कोर गए और वहां उन्होंने सेना की परिचालन तैयारियों की पड़ताल की। बदलते परिचालन माहौल, एजेंसियों के बीच बने हुए समन्वय व युद्ध संबंधी तैयारियों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने जनरल सेठ को जानकारी दी।

विजय को लेकर साझा किए विचार

सेना ने कहा कि सेनाप्रमुख जनरल सेठ ने यात्रा के दौरान सैन्य कमांडरों और सैनिकों को संबोधित करते हुए विजय के विजन को लेकर अपनी सोच सभी के समक्ष रखी। जो कि सतर्कता (विजिलेंस), नवाचार (इनोवेशन), संयुक्तता (जाइंटनेस), आत्मनिर्भरता, योद्धा फर्स्ट के सिद्धांत पर आधारित है। यह सिद्धांत बल को भविष्य के लिए तैयार बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने जटिल परिस्थितियों के बीच भी उच्च स्तर की व्यावसायिकता, ऊंचे मनोबल, परिचालन दक्षता और राष्ट्र को लेकर अटूट समर्पण प्रदर्शित करने के लिए सभी अधिकारियों और जवानों की सराहना की है।

जनरल चौहान के मसौदा प्रस्ताव सौंपने के बाद हुआ था यह अभ्यास

थिएटर कमांड गठन की चर्चाओं के बीच संवाद अभ्यास 'तिरंगा' की रही अहम भूमिका

» एक महीने तक रक्षा मंत्रालय और तीनों सशस्त्र सेनाओं ने संयुक्त रूप से कमांड गठन की प्रक्रिया पर एक साथ बैठकर तमाम मुद्दों पर की चर्चा, दूर हुई सभी चिंताएं

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

रणनीतिक स्तर पर देश के सबसे बड़े सैन्य सुधारों में गिने जा रहे थिएटर कमांड के गठन को लेकर रक्षा मंत्रालय में एक बार फिर से सुगबुगाहट तेज हो गई है। जिसमें कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) को रक्षा मंत्रालय द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव सौंपे जाने से पहले नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन.एस.राजा सुब्रमणि जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मामले पर एक वृहद प्रस्तुति दे सकते हैं। जिसका आधार पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा इस मामले पर रक्षा मंत्रालय को मसौदा प्रस्ताव सौंपे जाने के तुरंत बाद हुआ मासिक संवाद अभ्यास 'तिरंगा' है। सूत्रों ने बताया यह एक टेबलटॉप एक्सरसाइज थी। जिसमें कमांड गठन के मसौदे को मंत्रालय को सौंपे जाने के बाद की तमाम जरूरी चर्चाओं के सिलसिले को शामिल किया गया था। अभ्यास का कोडनेम तिरंगा रखा गया था।

अलग खबर

अभ्यास का महत्व

सूत्रों ने बताया कि संवाद अभ्यास में तीनों सेनाओं ने इस मामले को

लेकर व्यापक रूप से अपने-अपने विचार ने केवल साझा किए बल्कि उन पर बड़े पैमाने पर चर्चा की। जिसके अंत में बातचीत पूरी होने और तीनों सैन्यबलों के मध्य बनी हुई चिंताओं के दूर होने की बात कही गई। अब बहुत संभावना है कि सीडीएस जनरल सुब्रमणि की प्रस्तुति में भी इस अभ्यास के निष्कर्षों, तीनों सेनाओं के बीच हुए मंथन में सामने आए अहम बिंदुओं, सुझावों को बड़े पैमाने पर शामिल किया जाएगा। बताते चलें कि थिएटर कमांड तीनों सेनाओं का मिश्रित रूप होगा। जो किसी भी आपात परिस्थिति में संयुक्त रूप से दुश्मन से दो-दो हाथ करेंगी। अभी तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर इस जिम्मेदारी को निभाती हैं।

एक साथ नहीं बदलेगा 17 कमांड का नक्शा

पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति से पहले अप्रैल-2026 में रक्षा मंत्री को इन कमांड के गठन से जुड़े प्रस्ताव का मसौदा सौंपा गया था। जिसके बाद अपने एक बयान में उन्होंने कहा था कि इस विषय पर तीनों सेनाओं के बीच सहमति बन चुकी है। लेकिन सरकार से मामले पर हरी झंडी मिलने के बाद थिएटर कमांड के गठन में लगभग डेढ़ से दो साल का वक्त लगेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि तीनों सेनाओं की कुल 17 कमांड को एक वक्त में ही थिएटर कमांड में तब्दील नहीं किया जाएगा। बल्कि यह प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ेगी।

कमांड के विचार की जनक शेकेटकर समिति

गौरतलब है कि भारत में रक्षा क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की चर्चा की शुरुआत पहली बार वर्ष 1999 में पाकिस्तान के साथ कारगिल में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लड़े गए युद्ध के बाद गठित की गई कारगिल समीक्षा समिति के गठन के साथ शुरू हुई थी। जिसकी सिफारिशों की समीक्षा 2011 नरेश चंद्रा समिति द्वारा की गई, उच्च स्तरीय मंत्रियों के समूह ने भी इस मामले पर विचार-विमर्श किया था। लेकिन तीनों सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च अधिकारी यानी सीडीएस के पद और थिएटर कमांड को बनाए जाने की सिफारिश 2016 में शेकेटकर समिति ने रक्षा मंत्रालय से की थी। जिसमें यह भी कहा गया था कि देश में सेना, वायुसेना और नौसेना को मिलाकर संयुक्त रूप से सैन्य कमांड (थिएटर कमांड) का गठन किया जाना चाहिए। ऐसी कुल तीन कमांड होनी चाहिए। जिन्हें उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिण कमांड के रूप में अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए।

हवाई संसाधनों को लेकर चिंता में थी वायुसेना

थिएटर कमांड के तहत देश में तीन थिएटर कमांड का गठन किया जाएगा। जिनमें जम्मू-कश्मीर से लेकर लेह-लद्दाख तक के इलाके से लगी पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्तरी थिएटर कमांड बनाई जाएगी। जिसका नेतृत्व थलसेना के पास होगा। पूर्वी सीमा यानी उत्तरपूर्व में चीन से लगी सीमा का इलाका। जिसकी निगरानी करने के लिए पूर्वी थिएटर कमांड का गठन किया जाएगा। जिसका नेतृत्व वायुसेना करेगी। जबकि एक अन्य समुद्री कमांड होगी। जिसकी जिम्मेदारी नौसेना को सौंपी जाएगी। इन तीनों कमांड के मामले पर वायुसेना को यह आशंका थी कि उसके पहले से ही सीमित हवाई संसाधनों पर उसका एकाधिकार घटेगा। मिसाल के तौर पर पश्चिमी कमांड बन जाने पर वायुसेना के संसाधन सेना के नेतृत्व और नियंत्रण में चले जाएंगे। जबकि समुद्री कमांड बनने पर उसे नौसेना के साथ इन्हें साझा करना पड़ेगा। लेकिन संवाद अभ्यास के बाद अब यह माना जा रहा है कि तीनों सेनाओं के बीच मामले को लेकर फिलहाल कोई मतभेद नहीं है। सभी के बीच एकरूपता के साथ समन्वय कायम हो चुका है।

यूएनएससी के 5 स्थायी देशों में हैं थिएटर कमांड

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थायी सदस्य देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन और फ्रांस में थिएटर कमांड हैं। इन्हीं के जरिए वह अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। जबकि अमेरिका जैसे देश दुनियाभर के इलाके में अपने सामरिक हितों की पूर्ति के लिए गठित किए गए विभिन्न सैन्य थिएटर के जरिए इस कार्य को संभालता है। भारत में तीनों सशस्त्र सेनाओं की पहली एकीकृत कमांड के रूप में अंडमान-निकोबार कमांड मौजूद है। लेकिन कोई संयुक्त थिएटर कमांड नहीं है।

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने दी कतर के अमीर को श्रद्धांजलि

» बोले, पूर्व अमीर शेख अल थानी एक दूरदर्शी नेता थे। जिनकी विरासत से और अधिक मजबूत होंगे हमारे संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कतर के अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। वह बीते मंगलवार को कतर की यात्रा पर रवाना हुए थे। जिसका उद्देश्य अमीर के निधन पर शोक जताने के लिए खाड़ी के इस महत्वपूर्ण देश में भारत का नेतृत्व करना था।

उन्होंने 15 जुलाई को एक्स पर की गई अपनी एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि मैंने, कतर पहुंचने पर भारत की सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे देश की आम जनता की ओर से कतर के अमीर की मृत्यु को लेकर शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। यहां बता दें कि शेख अल थानी का निधन बीते 12 जुलाई को हुआ था। जिसके बाद भारत ने भी एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी। जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद सभी प्रमुख सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया गया था। पूर्व में रिजिजू की कतर यात्रा के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी।

दोनों देशों की मित्रता को आगे बढ़ाया

रिजिजू ने कहा कि कतर के अमीर एक दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने भारत और कतर के बीच बनी हुई ऐतिहासिक मित्रता को पोषित किया। जो पूर्व समय से लेकर अब तक एक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित हो चुकी है। उनकी यह विरासत दोनों देशों को अपने प्राचीन द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कतर पहुंचने पर वहां के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व (मौजूदा अमीर), कतर के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और अन्य व्यक्तियों के प्रति आभार जताया। इसके अलावा उन्होंने खाड़ी देश में रह रहे प्रवासी भारतीय समुदाय द्वारा प्रदर्शित की गई गर्मजोशी को भी सम्मान पूर्वक स्वीकार किया।

भारत-यूके सीईटीए लागू, पीएम मोदी बोले- किसानों, एमएसएमई और पेशेवरों को मिलेगा बड़ा लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने को दोनों देशों की साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि सीईटीए भारत के किसानों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए ब्रिटेन के बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगा। इससे भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और कारोबार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाओं और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेगा। साथ ही, कुशल भारतीय पेशेवरों की आवाजाही को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और अधिक सुदृढ़ होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौता ब्रिटेन में अस्थायी रूप से कार्यरत भारतीय पेशेवरों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा संबंधी लाभ मिलेंगे और भारतीय कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत और ब्रिटेन जैसे दो लोकतांत्रिक देशों के बीच बढ़ते विश्वास और भविष्य की साझेदारी के साझा संकल्प को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश और नवाचार के माध्यम से साझा समृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे।

नागा-कुकी संघर्ष में 24 की मौत

इंफाल। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर एक बार फिर जातीय हिंसा की आग में सुलग रहा है। इस साल जनवरी 2026 से लेकर जुलाई के दूसरे हफ्ते तक राज्य में नागा और कुकी समुदायों के बीच भड़की हिंसक झड़पों में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 47 लोग घायल हुए हैं। पहले से जारी मैतेई-कुकी संघर्ष के बाद अब नागा और कुकी सशस्त्र समूहों के बीच हिंसक टकराव, अपहरण, आगजनी और आर्थिक नाकेबंदी का सिलसिला तेज हो गया है। हालात इस कदर संवेदनशील हो चुके हैं कि तनाव अब राजधानी इंफाल से सटे और म्यांमार सीमा से लगते पांच बड़े रणनीतिक इलाकों तक फैल गया है।

क्षेत्रीय सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का इच्छुक है भारत, गुरुवार को होगा सम्मेलन

बिम्सटेक सम्मेलन से पहले एनएसए डोभाल ने की म्यांमार सहित अन्य देशों के एनएसए से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण बने हुए सुरक्षा हालात के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल यानी बिम्सटेक देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत का नेतृत्व एनएसए अजीत डोभाल करेंगे। लेकिन इस बैठक के ठीक एक दिन पहले, बुधवार को उनकी समूह में शामिल म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों के अपने समकक्ष एनएसए तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्रमवार रूप में उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं। जिनका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग से लेकर समुद्री सुरक्षा, खुफिया जानकारी साझा करने और आतंकवाद से मुकाबला करने जैसे मामलों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श करना था।

म्यांमार संग परखे सुरक्षा हालात

पहली बैठक भारत और म्यांमार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग व क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दे को लेकर चर्चा की है। वर्तमान समय में एनएसए डोभाल और म्यांमार के एनएसए यू टिन आंग सान के बीच हुई यह वार्ता इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि म्यांमार की मौजूदा जमीनी हालात अस्थिर बने हुए हैं। जिनका प्रभाव भारत से साथ लगने वाली उसकी सीमा पर भी पड़ रहा है। ऐसे में यह विषय सुरक्षा के मद्देनजर नई दिल्ली के लिए चिंताजनक बना हुआ है। भारत लगातार म्यांमार के समक्ष उसकी सीमा से देश में प्रवेश करने वाले उग्रवादी समूहों और नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर चिंता जाहिर करता रहा है। वहीं, थाईलैंड के एनएसए के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने के मसले पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

श्रीलंका संग हुई बैठक का सार

श्रीलंका के रक्षा सचिव, रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल संपथ. टी के साथ हुई एनएसए डोभाल की बैठक के केंद्र में समुद्री मामलों पर प्रमुखता के साथ शामिल किया गया। यहां बता दें कि दोनों देश पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को देखते हुए हिंद महासागर क्षेत्र के हालातों पर नियमित रूप से विचारों का आदान-प्रदान करते रहते हैं।

पोलैंड के मंत्री बार्तोशेव्स्की का बयान

पीएम मोदी ने पुतिन को परमाणु हमले से पहले ही रोक दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोलैंड के डिप्टी विदेश मंत्री व्लादिस्लाव तेओफिल बार्तोशेव्स्की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध में टैक्टिकल परमाणु हथियार इस्तेमाल करने से रोकने में अहम भूमिका निभाई थी।

भारत-पोलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक के बाद बार्तोशेव्स्की ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन दुनिया के जिन गिने-चुने वैश्विक नेताओं की बात गंभीरता से सुनते हैं, उनमें पीएम मोदी शामिल हैं। भारत और रूस के पुराने व गहरे रिश्तों की वजह से पुतिन पर पीएम मोदी का खासा असर है और वे उन चुनिंदा लोगों में हैं जो पुतिन पर दबाव डाल सकते हैं। यह बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की सफल कूटनीतिक कोशिशों को दर्शाता है। जिसमें उन्होंने पहले भी पुतिन से कहा था कि आज का दौर युद्ध का दौर नहीं है।

होर्मुज संकटः भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर सरकार सख्त

नई दिल्ली। मिडिल-ईस्ट के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दो कमर्शियल जहाजों-एमटी अल बहिया और एमटी मोम्बासा पर हुए हालिया हमलों के बाद भारत सरकार ने अपने नाविकों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समीक्षा बैठक के बाद 'सीफेरर-फर्स्ट' प्रतिक्रियाकी शुरुआत की है। सरकार ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए हर पीड़ित नाविक हेतु एक समर्पित संपर्क अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया है, जो इलाज, घर वापसी और मुआवजे से जुड़े सभी कार्यों में मदद करेगा। अब इस संवेदनशील क्षेत्र में कोई भी जहाज शिप मास्टर की अनुमति के बिना आगे नहीं बढ़ सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109